RNI. NO. RAJHIN/2021/82156 डाक पंजीयन संख्या: RJ/ALW/866/23-25

# वॉइस ऑफ प्रतिज्ञा

जज्बा सच दिखाने का

वर्ष -05 | अंक -113 | मूल्य: 2.00 रू. | अलवर, शनिवार 5 जुलाई, 2025 | प्रभात संस्करण | कुल पेज- 8

WWW.Voiceofpratigya.com | Twitter.com/Voiceofpratigya | facebook.com/Voiceofpratigya | YouTube.com/Voiceofpratigya | Instagram- Instagram.com/Voiceofpratigya | 9414508610 | pratigya.alwar@gmail.com





G. D. GOENKA SCHOOL
GD GOENKA PUBLIC SCHOOL,BHIWADI
(NURSERY TO XII )AFFILIATED TO CBSE, NEW DELHI
GOENKAN CBSE 10TH AND 12TH TOPPERS
Congratulations
CLASS 12TH
100%
RESULT IN CBSE 2024-25
WE ARE PROUD OF ALL STUDENTS
CLASS 10TH
Meet Srivastava
97.2%
Science (PCBM)
ADMISSION OPEN
Aditya Ruhil
96.4%
CLASS 10TH
Kangana Rajpurohit 94.2%
Kaushik Parida 93.8%
Gayatri Durga Soma 93.4%
Joimini Chowdhury 93.2%
Shifa Khan 92.2%
8505000699
info@gdgpsbhiwadi.com
Near omaxe 1 panormacity , sec 4 Shahpur rd. bhiwadi , Rajasthan 301019

RNI. NO. RAJHIN/2021/82156 डाक पंजीयन संख्याः RJ/ALW/866/23-25

# वॉइस ऑफ प्रतिज्ञा

जज्बा सच दिखाने का

वर्ष -05 | अंक -113 | मूल्यः 2.00 रू. | अलवर, शनिवार 5 जुलाई, 2025 | प्रभात संस्करण | कुल पेज- 8

WWW.Voiceofpratigya.com | Twitter.com/Voiceofpratigya | facebook.com/Voiceofpratigya | YouTube.com/Voiceofpratigya | Instagram- Instagram.com/Voiceofpratigya | 9414508610 | pratigya.alwar@gmail.com

# यूक्रेन पर रूस ने सात घंटे बमबारी की, जेलेंस्की ने ट्रंप को फोन किया

**वॉइस ऑफ प्रतिज्ञा मॉस्को / कीव**

रूस ने यूक्रेन में अब तक का सबसे बड़ा हमला किया है। 22 फरवरी, 2022 को शुरू हुए इस युद्ध को तीन साल से अधिक समय बीत चुके हैं, लेकिन दोनों देशों का टकराव थमने का नाम नहीं ले रहा है। दोनों देशों के बीच शांति बहाल कराने के लिए अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप भी प्रयास कर रहे हैं। इसके बावजूद कीव व कुछ अन्य इलाकों में संघर्ष जारी है। ताजा हमले में रूसी सेना ने 550 ड्रोन लॉन्च किए और 11 मिसाइलें भी दागीं। अधिकारियों ने बताया कि कीव में बमबारी सात घंटे तक चली। रूस के इस हमले के बाद राजधानी के कई जिलों में भारी क्षति हुई है। बमबारी में एक व्यक्ति की मौत हो गई और एक बच्चे सहित कम से कम 26 अन्य घायल हो गए। लगातार हो रहे हमलों और वर्तमान सूरत-ए-हाल को देखते हुए यूक्रेन और रूस के बीच 40 महीने के हिंसक संघर्ष के बाद भी फिलहाल शांति बहाल होने के आसार नहीं दिख रहे हैं।

## ट्रंप और जेलेंस्की के बीच फोन पर बातचीत

रूस के हमले के बीच जेलेंस्की ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से भी बात की। दोनों नेताओं ने यूक्रेनी वायु रक्षा को और मजबूत बनाने पर चर्चा की। जेलेंस्की ने बताया कि ट्रंप के साथ बातचीत सकारात्मक और अर्थपूर्ण रही। यह बातचीत इसलिए भी अहम है क्योंकि अमेरिका ने यूक्रेन को भेजी जा रही सैन्य सहायता को आंशिक रूप से रोक दिया है। जेलेंस्की ने कहा कि यूक्रेन घरेलू हथियार उद्योग को बढ़ावा देने पर काम कर रहा है, लेकिन इन योजनाओं पर अमल करने में समय लगेगा।





## राष्ट्रपति जेलेंस्की ने हमले को लेकर चिंता जताई

रात के समय हुए इस हमले को लेकर आई खबरों के मुताबीक धमाकों के बाद कीव के आसमान में रोशनी फैल गई। हवाई हमले की चेतावनी देने वाले सायरन की आवाज पूरे शहर में गूंजने लगी। आपातकालीन सेवाओं में इस्तेमाल होने वाले वाहनों की नीली रोशनी ऊंची इमारतों पर पड़ रही थी। मलबे के कारण शहर की सड़कें जाम हो गई थीं। रूस के इस हमले के बाद यूक्रेनी राष्ट्रपति जेलेंस्की ने कहा, यह एक कठोर रात थी।

## वार और पलटवार पर दोनों देशों के अपने-अपने दावे

रूस के रक्षा मंत्रालय ने दावा किया कि सुरक्षा बलों ने कीव में ड्रोन और अन्य सैन्य उपकरण बनाने वाली फैक्ट्रियों को निशाना बनाया। हमलों के बीच यूक्रेनी वायु रक्षा ने दो क्रूज मिसाइलों सहित 270 टारगेट (रूसी ड्रोन या मिसाइल) नष्ट करने के दावे किए हैं। खबरों के मुताबिक रूस ने आठ जगहों पर नौ मिसाइलों और 63 ड्रोनों से हमले किए। इंटरसेप्ट किए गए ड्रोनों का मलबा कम से कम 33 स्थानों पर गिरा।

## *एक महीने में रूस ने यूक्रेनी कस्बों और शहरों पर 330 से अधिक मिसाइलें दागीं*

*यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की ने कहा कि राजधानी कीव के अलावा, निप्रॉपेट्रोस, सुमी, खार्किव, चेर्निहीव क्षेत्रों में भी नुकसान हुआ है। देश की वित्त मंत्री यूलिया स्विरीडेन्को ने कहा कि हमलों के बीच लोग अपने परिवार के साथ मेट्रो स्टेशनों, बेसमेंट, भूमिगत पार्किंग गैरेजों में भाग रहे हैं। राजधानी के बीचोंबीच सामूहिक विनाश हो रहा है। रूस के हमले को आतंकी कार्रवाई के अलावा और कुछ नहीं कहा जा सकता। विदेश मंत्री आंद्रेई सिबिहा ने हमले को बीते तीन साल से अधिक समय में 'अब तक की सबसे खराब रातों में से एक' बताया। उन्होंने इस सप्ताह की शुरुआत में कहा था कि रूसी सेना ने जून में यूक्रेनी कस्बों और शहरों पर 330 से अधिक मिसाइलें दागीं हैं। इनमें लगभग 80 बैलिस्टिक मिसाइलें थीं।*

## कीव में एक साथ घुसे 550 ड्रोन, रूस ने हमले के लिए 11 मिसाइलों का भी इस्तेमाल किया

बता दें कि रूस यूक्रेनी शहरों पर अपने लंबी दूरी के हमलों को बढ़ा रहा है। ताजा हमले के बारे में रूस की वायुसेना ने बताया कि रात के समय यूक्रेन के ठिकानों को निशाना बनाकर 550 ड्रोन लॉन्च किए गए। अधिकांश शाहिद ड्रोन थे। राजधानी कीव में इमारतों और अन्य ठिकानों को तबाह करने के लिए रूस ने हमले के दौरान 11 मिसाइलों का भी इस्तेमाल किया। इस हमले से कुछ ही दिन पहले रूस ने सबसे बड़ा हवाई हमला करने का दावा किया था। खबरों के मुताबिक रूस की सेना यूक्रेन के लगभग 1,000 किलोमीटर की अग्रिम पंक्ति के कुछ हिस्सों को तोड़ने का प्रयास कर रही है। यूक्रेनी सैनिक गंभीर दबाव में हैं, इसलिए मॉस्को ने यह रणनीति बनाई है।

# गाजा में इस्राइल के साथ सीजफायर पर बोला हमास, नवीनतम प्रस्ताव पर 'सकारात्मक' जवाब दिया



**वॉइस ऑफ प्रतिज्ञा देइर अल-बलाह**

हमास ने शुक्रवार को कहा कि उसने गाजा में संघर्ष विराम के नए प्रस्ताव पर सकारात्मक प्रतिक्रिया दी है। साथ ही यह भी कहा कि इस पर आगे बातचीत की जरूरत है। हालांकि, यह स्पष्ट नहीं है कि हमास ने अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा सुझाए गए 60 दिनों के युद्ध विराम प्रस्ताव को स्वीकार कर लिया है या नहीं। हमास इस बात की गारंटी मांग रहा है कि शुरुआती संघर्ष विराम के बाद युद्ध पूरी तरह समाप्त हो जाए, जो लगभग 21 महीने से जारी है। राष्ट्रपति ट्रंप इस पर समझौता कराने की कोशिश कर रहे हैं, और इस्राइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू अगले सप्ताह एक समझौते पर चर्चा करने के लिए व्हाइट हाउस का दौरा करने वाले हैं। हमास के बयान से कुछ ही समय पहले शुक्रवार सुबह इस्राइल ने गाजा में हवाई हमला किया, जिसमें 15 फलस्तीनी मारे गए। इसके अलावा, एक अस्पताल ने कहा कि सहायता मांगने के दौरान गोलीबारी में 20 अन्य लोग मारे गए। इसके अलावा, संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार कार्यालय ने कहा कि उसने गाजा में एक महीने के अंदर 613 फलस्तीनियों की हत्या दर्ज की है, जब वे सहायता पाने की कोशिश कर रहे थे। संयुक्त राष्ट्र ने कहा कि ज्यादातर लोग इस्राइल समर्थित अमेरिकी संगठन द्वारा संचालित खाद्य वितरण केंद्रों तक पहुंचने की कोशिश करने के दौरान मारे गए, जबकि अन्य संयुक्त राष्ट्र या अन्य मानवीय संगठनों से जुड़े सहायता ट्रकों की प्रतीक्षा में एकत्र हुए थे। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने मंगलवार को कहा कि इस्राइल 60 दिन के संघर्ष विराम के लिए तैयार है, और अमेरिका इस दौरान सभी पक्षों से बातचीत कर युद्ध को खत्म करने की कोशिश करेगा। उन्होंने हमास से कहा कि वह इस प्रस्ताव को स्वीकार कर ले, इससे पहले कि हालात और बिगड़ें। वहीं, शुक्रवार देर रात हमास ने कहा कि उसने मिस्र और कतर के जरिये मध्यस्थों को अपनी 'सकारात्मक प्रतिक्रिया' दे दी है और वह इस प्रस्ताव को लागू करने पर बातचीत शुरू करने के लिए तैयार है। हालांकि, यह नहीं बताया गया कि किस बात पर और बातचीत करनी है।

# रूस के साथ मिलकर पाकिस्तान बनाएगा रेल नेटवर्क, शंघाई सहयोग संगठन की बैठक में बनी सहमति



**वॉइस ऑफ प्रतिज्ञा इस्लामाबाद**

पाकिस्तान और रूस एक रेल और सड़क नेटवर्क बनाएंगे। इसके लिए दोनों देशों ने सहमति व्यक्त की है। इससे जमीन से घिरे उन देशों को गर्म पानी की सीधी पहुंच हो सकेगी, जिनकी कोई समुद्री सीमा नहीं है। पाकिस्तानी संचार मंत्री अब्दुल अलीम खान और रूस के परिवहन उप मंत्री आंद्रे सर्गेयेविच निकितिन ने चीन के तियानझिन में शंघाई सहयोग संगठन के मंत्रीस्तरीय सम्मेलन के दौरान व्यापार और आर्थिक एकीकरण को सुविधाजनक बनाने के लिए पूरे क्षेत्र में बुनियादी ढांचे के विकास में तेजी लाने पर सहमति व्यक्त की। जियो न्यूज की खबर के अनुसार, इस पहल का उद्देश्य रूस और मध्य एशिया तक व्यापार गलियारे और रसद मार्गों को बढ़ाकर पाकिस्तान को एक रणनीतिक पारगमन केंद्र में बदलना है। पाकिस्तान के आधुनिकीकरण प्रयासों पर प्रकाश डालते हुए अब्दुल अलीम खान ने कहा कि उनका देश अपने परिवहन बुनियादी ढांचे का डिजिटलीकरण कर रहा है, बाधा मुक्त सड़कमार्ग, अनिवार्य ई-टैगिंग और व्यापक सीसीटीवी निगरानी शुरू कर रहा है। जबकि रूसी उप मंत्री निकितिन ने क्षेत्रीय व्यापार गतिशीलता को बदलने में पाकिस्तान और रूस के बीच सहयोग के महत्व को स्वीकार किया। बता दें कि पाकिस्तान और अफगानिस्तान ने पिछले महीने उज्बेकिस्तान-अफगानिस्तान-पाकिस्तान रेल परियोजना को आगे बढ़ाने पर सहमति व्यक्त की थी।

### पहले ही दिन हाईकोर्ट में पेश हुए नए डीजीपी

# जज बोले-आरोपी आपके आने का इंतजार नहीं करेगा, पुलिस आज भी पुरानी तकनीक से काम कर रही

**वॉइस ऑफ प्रतिज्ञा जयपुर**



राजस्थान में नाबालिगों की गुमशुदगी के मामले में नवनियुक्त डीजीपी राजीव शर्मा हाईकोर्ट में पेश हुए। जस्टिस अवनीश झिंगन और जस्टिस भुवन गोयल की खंडपीठ ने पुलिस की कार्यशैली पर नाराजगी जताई। अदालत ने कहा- आज भी पुलिस पुरानी तकनीक के आधार पर काम कर रही है। उन्होंने कहा- हर केस में पुलिस का कहना यह होता है कि मोबाइल बंद है। ऐसे में हम ट्रेस नहीं कर पा रहे हैं। आज के युवा इस बात को अच्छी तरह से जानते हैं कि कब उन्हें मोबाइल ऑन करना है और कब ऑफ करना है। पुलिस को इसके अलावा भी नई तकनीक पर काम करना चाहिए। इससे नाबालिगों की बरामदगी जल्द हो सके। इस पर डीजीपी राजीव शर्मा ने कहा- हम कई अन्य तरीकों से भी बरामदगी का प्रयास करते हैं। आगे भी मॉडर्न तकनीक अपनाने पर जोर दे रहे हैं। अदालत ने नाबालिगों से जुड़ी बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिकाओं पर डीजीपी को तलब किया था। वकील सैयद सआदत अली ने बताया- रामगंज थाना इलाके से एक नाबालिग 6 फरवरी से लापता है। परिजनों ने नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई थी, लेकिन पुलिस आज तक उसकी तलाश नहीं कर पाई। कोर्ट ने कहा- अमूमन देखा जाता है कि अगर किसी नाबालिग की लोकेशन नॉर्थ ईस्ट में ट्रेस होती है तो यहां से पुलिस उसे पकड़ने के लिए भेजी जाती है। लेकिन होना यह चाहिए कि आप उस स्टेट, उस जिले के पुलिस अधिकारियों संपर्क करें। तुरंत पुलिस भेजकर उन्हें डिटेन करने की करवाई करें। कोई भी आरोपी आपके आने का इंतजार नहीं करेगा। कोर्ट ने कहा- पुलिस के पास डीएनए का कोई रिकॉर्ड नहीं है। हमारे सामने एक केस आया था, जिसमें 2 साल का बच्चा गायब हुआ था। अब 6 साल बाद हम उस केस को सुन रहे हैं। पुलिस के पास ऐसा कोई मेथड नहीं है कि उस बच्चे का स्केच भी बनाया जा सके। अगर पुलिस AI का इस्तेमाल करेगी तो उसको काफी सहूलियत होगी।

# 8 रुपए से 153 रुपए पहुंचा शेयर का भाव, राजस्थान में 2 कंपनियों के ठिकानों पर ईडी के छापे

**वॉइस ऑफ प्रतिज्ञा जयपुर**

राजस्थान में डेबॉक कंपनी को लेकर प्रवर्तन निदेशालय यानी ईडी ने शुक्रवार को प्रदेश के कई हिस्सों में बड़ी कार्रवाई की है। इस कंपनी पर बड़े पैमाने पर वित्तीय फर्जीवाड़े के गंभीर आरोप सामने आए हैं। इसके चलते ही ईडी ने इस कंपनी पर छापेमारी की है। ईडी की जांच में सामने आया कि कंपनी के शेयर जो 8 रुपए के थे, जिन्हें फ्रॉड तरीके से 6 महीने के भीतर 153 रुपए तक पहुंचा दिया गया। ईडी की कार्रवाई में कंपनी के मालिक के घर पर करोड़ों रुपये की एक दर्जन वीआईपी लग्जरी गाड़ियां मिली हैं। इधर, ईडी इस मामले में लगातार कार्रवाई करने में जुटी हुई है।

## 8 रुपये के शेयर 6 महीने में 153 पर पहुंचे

ईडी की कार्रवाई में डेबॉक कंपनी के खिलाफ कई हैरान कर देने वाले खुलासे हुए। डेबॉक ग्रुप के खिलाफ ईडी की यह कार्रवाई शेयर बाजार में लिस्टेड कंपनियों में फर्जीवाड़े की बढ़ती प्रवृत्ति को लेकर भी अहम मानी जा रही है। इस दौरान ईडी की टीम फिलहाल दस्तावेजों की जांच और इलेक्ट्रॉनिक डेटा के विश्लेषण में जुटी है। ईडी की जांच में सामने आया कि कंपनी के शेयर जो 8 रुपए के थे, जिन्हें फ्रॉड तरीके से 6 महीने के भीतर 153 रुपए तक पहुंचा



दिया गया।

## लग्जरी गाड़िया देखकर ईडी भी हो गई हैरान

इस कार्रवाई में ईडी ने डेबॉक कंपनी के मालिक मुकेश के जयपुर, टोंक, देवली सहित कई ठिकानों पर छापे मारे हैं। जयपुर के वैशाली नगर की लोहिया कॉलोनी में स्थित कंपनी मालिक के आवास और कार्यालय पर भी छापे की कार्रवाई की गई। इस दौरान ईडी की टीम उस समय हैरान रह गई, जब करोड़ों रुपए की एक दर्जन से ज्यादा वीवीआईपी लग्जरी गाड़ियों का स्टॉक मिला। कंपनी के मालिक मुकेश के घर से करोड़ों रुपए की लग्जरी गाड़ियों का मिलना बड़ा संदेह प्रकट कर रहा है। इसको लेकर संभावना जताई जा रही है कि ईडी की जांच में और बड़े खुलासे हो सकते हैं।

# विपक्ष की बात नहीं मानोगे तो तकलीफ पाओगे, बिहार में निष्पक्ष चुनाव कैसे होंगे, चुनाव आयोग ने एकतरफा फैसला किया: पूर्व सीएम गहलोत

**वॉइस ऑफ प्रतिज्ञा जयपुर**

पूर्व सीएम अशोक गहलोत ने चुनाव आयोग और देश की जांच एजेंसियों पर दबाव में काम करने का आरोप लगाते हुए सवाल उठाए हैं। गहलोत ने बिहार में निष्पक्ष चुनाव होने पर भी संदेह जताया। गहलोत ने मीडिया से बातचीत में कहा कि देश में लोकतंत्र कमजोर हो रहा है। सरकार ने सब एजेंसियों को दबाव में ले लिया है। जो आज सत्ता में हैं, प्रधानमंत्री हों या इनके नेता हों। उन्हें सोचना चाहिए कि सत्ता पक्ष तभी होता है, जब विपक्ष होता है। विपक्ष की बात नहीं मानोगे नहीं सुनोगे तो देश भी तकलीफ पाएगा। आप भी तकलीफ पाओगे। गहलोत जयपुर में मीडिया से बातचीत कर रहे थे। गहलोत ने कहा- चुनाव आयोग ने बिहार में एक नया शिगूफा छोड़ दिया, मैं खुद पटना जा कर आया हूं। इसका परसों वहां बहुत भारी रिएक्शन है। मेरे ड्राइवर कह रहे थे साहब कि आप बताइए मेरे से मां बाप से डेट ऑफ बर्थ सर्टिफिकेट मांग रहे हैं। मैं कहां से लेकर आऊंगा? इनकी प्रोसेस से लाखों लोग वंचित रह सकते हैं। ये स्थिति बन गई है। कैसे डेमोक्रेसी रहेगी। बिहार में चुनाव निष्पक्ष कैसे होंगे बता दीजिए। चुनाव आयोग किसके कहने से यह सब लेकर आया। गहलोत ने कहा- आप सोच सकते हो कि देश कहा जा रहा है, सब दबाव में काम कर रहे हैं। इनकम टैक्स, ईडी, सीबीआई ये तीनों संस्थाएं दबाव में हैं। ईडी, इनकम टैक्स, सीबीआई, इनकी जो भूमिका है, वो देशहित में है। लेकिन जो दबाव में इनको लिया गया है। इससे विपक्षी पार्टियों के नेताओं के साथ अन्याय हो रहा है। वो जगजाहिर है। गहलोत ने कहा- संसद में जवाब आया है। 193 केसेज इन्होंने किए हैं। केवल दो प्रूव कर पाए हैं। मतलब एक प्रतिशत। कितना तंग किया होगा लोगों को। उनके परिवार वालों पर क्या बीती होगी? जिस मुल्क में ये स्थिति चल रही हो, दबाव में ज्युडिशियरी, इलेक्शन कमीशन और ब्यूरोक्रेसी हो। कैसे डेमोक्रेसी की बात वो करते हैं?



## *कांग्रेस नेताओं के साथ चुनाव आयोग का व्यवहार निंदनीय*

*गहलोत ने कहा- मैं लंबे अरसे से कह रहा हूं कि देश किस दिशा में जा रहा है, किस दिशा में जाएगा, उसका नमूना ये है। हमने भी कई ऐसी बातें कहीं होंगी। उससे हो सकता है ईसीआई प्रमुख को या मेंबर को अच्छा नहीं लगा होगा। तब भी उनका व्यवहार बड़ा शालीनता से होता था। यह उनकी ड्यूटी भी है कि कोई नागरिक है, देश का मतदाता कोई भी है, किसी दल का नेता है। उसको धैर्य से सुनें और निष्पक्ष फैसला करें। गहलोत ने कहा- बहुत बड़ी ड्यूटी है, इलेक्शन कमीशन ऑफ इंडिया किसे कहते हैं, जिसके ऊपर पूरा चुनाव डिपेंड करता है। बहुत बड़ी संस्था है। बहुत क्रेडिबल संस्था है। उसके बारे में जो कल परसों से सुन रहे हैं। जो व्यवहार किया गया है, वो बहुत ही अशोभनीय है। इसकी किन शब्दों में आलोचना करूं मेरी समझ नहीं आ रहा है। गहलोत ने कहा- पहले भी राहुल गांधी ने महाराष्ट्र को लेकर कई सवाल उठाए थे। उसका भी ये लोग प्रॉपर जवाब नहीं दे पाए। उनको आर्टिकल लिखना पड़ा, उसका कोई जवाब नहीं तो ये व्यवहार इलेक्शन कमीशन के पार्ट पर किसी भी ढंग से उचित नहीं कहा जा सकता। मेरे ख्याल से इसका रिएक्शन पूरे देश के अंदर है और बहुत भयंकर रिएक्शन है।*

## *भजनलाल सरकार के जुमले पर आरएसएस, बीजेपी नेता हंस रहे*

*पांच साल बनाम डेढ़ साल के सीएम भजनलाल के बयान पर गहलोत ने कहा कि ये तो बीजेपी वाले खुद ही हंस रहे होंगे। उनका पांच साल बनाम डेढ़ साल का जुमला है, उस पर मैं समझता हूं आरएसएस वाले और बीजेपी के इंटेलेक्चुअल लोग हैं , जो राजनीति को समझते हैं, वे ह सब मन में हंस रहे होंगे कि बोल क्या रहे हैं? मेरा यह मानना है, वे खुद हंस रहे होंगे मैं क्या कमेंट करूं? मैं तो कमेंट कर चुका हूं कि यह बात कह कर बहुत बड़ा साहस दिखाया है, हिम्मत की बात है कि पांच साल बनाम डेढ़ साल, वह भी भजनलाल सरकार के इससे बड़ी बात क्या हो सकती है?*

# श्री शनि देव महाराज के पंचम स्थापना दिवस पर 11 जुलाई को भव्य भंडारा



**वॉइस ऑफ प्रतिज्ञा लक्ष्मणगढ़**

सनातन परिवार लक्ष्मणगढ़ के तत्वावधान में श्री श्री 1008 शनि देव महाराज के पंचम स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में धार्मिक आयोजन और विशाल भंडारे का आयोजन 11 जुलाई को किया जाएगा। यह कार्यक्रम खंडेलवाल विद्यालय स्थित शनिदेव मंदिर, जालूकी रोड पर आयोजित होगा। कार्यक्रम के संयोजक ईश्वर नकड़ा ने बताया कि धार्मिक आयोजन की शुरुआत 10 जुलाई गुरुवार को सुबह 7.15 बजे शनिदेव के तेलाभिषेक व स्नान से होगी। इसके बाद प्रातः 8.15 बजे रामायण पाठ का शुभारंभ किया जाएगा। अगले दिन 11 जुलाई को प्रातः 8.15 बजे रामायण पाठ का समापन एवं हवन-पूजन और पूर्णाहुति का आयोजन होगा। स्थापना दिवस के अवसर पर 11.00 बजे से विशाल भंडारे एवं प्रसादी का आयोजन श्री शनि मंदिर सेवा समिति और विद्युत विभाग के संयुक्त तत्वावधान में किया जाएगा। आयोजन को लेकर मंदिर परिसर और आसपास के क्षेत्र में तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। आयोजकों ने श्रद्धालुजनों से अनुरोध किया है कि वे समय पर पधारकर पुण्य लाभ अर्जित करें और शनि देव महाराज की कृपा प्राप्त करें।

# कृषक उपहार योजना के तहत ई-कूपनों की लॉटरी का आयोजन, विजेताओं को मिले नकद पुरस्कार

**वॉइस ऑफ प्रतिज्ञा अलवर**

राज्य सरकार की कृषक उपहार योजना के अंतर्गत कृषि उपज मंडी समिति अलवर में ई-कूपनों की लॉटरी का आयोजन किया गया। यह योजना मंडी समितियों के माध्यम से किसानों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से चलाई जा रही है। लॉटरी कार्यक्रम कृषि उपज मंडी की प्रशासक एवं अतिरिक्त जिला कलक्टर, बयाना कृषि उपज मंडी के सचिव दिलीप सिंह और मंडी समिति अलवर की सचिव अंजु की मौजूदगी में संपन्न हुआ। मंडी समिति सचिव अंजु ने जानकारी देते हुए बताया कि ई-पेमेंट की बिक्री पर्चियों पर जारी कूपनों की लॉटरी में प्रथम पुरस्कार 25,000 रुपये अवनी को, द्वितीय पुरस्कार 15,000 रुपये प्रतीम सिंह को और तृतीय पुरस्कार 10,000 रुपये बत्तो देवी के नाम निकाला गया। इसी तरह गेटपास की बिक्री पर्चियों पर जारी कूपनों की लॉटरी में प्रथम पुरस्कार 25,000 रुपये अशोक को, द्वितीय पुरस्कार 15,000 रुपये रामप्रसाद यादव को तथा तृतीय पुरस्कार 10,000 रुपये शिवराम के नाम निकाला गया। लॉटरी आयोजन के दौरान समिति कार्यालय में पारदर्शिता के साथ प्रक्रिया संपन्न की गई और विजेताओं को जल्द ही पुरस्कार वितरण की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। योजना के तहत किसानों को डिजिटल लेनदेन के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है, जिससे मंडी व्यवस्थाओं में पारदर्शिता और दक्षता सुनिश्चित हो सके।

# अपना घर आश्रम की समस्याओं पर प्राधिकरण सचिव ने जताई सख्ती

**वॉइस ऑफ प्रतिज्ञा अलवर**

महिला अपना घर आश्रम, वैशाली नगर में व्याप्त गंभीर समस्याओं को लेकर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एवं अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश मोहनलाल सोनी ने संज्ञान लेते हुए विभिन्न विभागों को त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। प्राधिकरण सचिव ने बताया कि 11 जून को उन्होंने आश्रम का औचक निरीक्षण किया था, जिसमें कई अव्यवस्थाएं सामने आईं। निरीक्षण के दौरान उन्होंने पाया कि आश्रम के पास बहने वाले नाले के गंदे पानी की निकासी की कोई समुचित व्यवस्था नहीं थी। नाली नहीं होने के कारण गंदा पानी बगल में स्थित खाली प्लॉट में भर रहा है, जिससे क्षेत्र में लगातार दुर्गंध फैल रही है और मच्छरों व मक्खियों का प्रकोप बढ़ रहा है। इससे संक्रमण का खतरा भी उत्पन्न हो रहा है इस संबंध में नगर निगम आयुक्त को पत्र लिखकर गंदे पानी की अविलम्ब निकासी करवाने तथा स्थायी समाधान के लिए नाली निर्माण कराने के निर्देश दिए गए हैं। इसके अलावा आश्रम के बाहर की रोडलाइट लंबे समय से खराब पाई गई, जिससे रात्रि में अंधेरा पसरा रहता है। पास ही झुग्गी-झोपड़ी व कच्ची बस्तियों की वजह से क्षेत्र में असामाजिक तत्वों की आवाजाही बनी रहती है, जिससे महिला आश्रम की सुरक्षा भी खतरे में रहती है। सचिव सोनी ने यूआईटी को पत्र लिखकर खराब स्ट्रीट लाइटों को शीघ्र दुरुस्त करवाने के निर्देश जारी किए हैं। वहीं, उन्होंने पुलिस अधीक्षक को पत्र भेजकर आश्रम के पास रात्रि गश्त बढ़ाने की मांग भी की है ताकि वहां रहने वाली महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। उन्होंने संबंधित विभागों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि आश्रम में निवासरत महिलाओं की सुरक्षा व स्वच्छता के प्रति किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। प्राधिकरण सचिव की इस कार्रवाई से आश्रम में रहने वाली महिलाओं को राहत मिलने की उम्मीद जगी है।

# जगन्नाथ मेले में रोशनी और सफाई के व्यापक इंतजाम, निगम ने लगाए 500 लाइट और 18 सफाईकर्मी

**वॉइस ऑफ प्रतिज्ञा अलवर**

नगर निगम की ओर से जगन्नाथ मेले को देखते हुए मेला स्थल पर रोशनी और सफाई की विशेष व्यवस्थाएं की गई हैं। मेला परिसर में 500 से अधिक लाइटें लगाई गई हैं, जिनमें 150 बड़ी हाई-पावर लाइटें शामिल हैं। इसके अलावा दुकानों और रास्तों के लिए भी तेज रोशनी वाले बल्ब लगाए गए हैं, ताकि श्रद्धालुओं को रात के समय भी परेशानी न हो। नगर निगम की बिजली शाखा के जेईएन कृष्ण कुमार गौड़ ने जानकारी दी कि लाइटों की सुचारु आपूर्ति के लिए दो जनरेटर सेट भी लगाए गए हैं। बिजली में किसी भी प्रकार की तकनीकी समस्या को तुरंत सुधारने के लिए ठेका कंपनी की टीम व निगम की विद्युत शाखा के कार्मिक मेला स्थल पर तैनात रहेंगे। साफ-सफाई को लेकर भी निगम ने पुख्ता इंतजाम किए हैं। मुख्य सफाई निरीक्षक लक्ष्मण मीणा ने बताया कि 18 सफाईकर्मियों को मेला स्थल पर नियुक्त किया गया है। बारिश के चलते जलभराव की आशंका को देखते हुए मड पंप की व्यवस्था भी की गई है, जिससे पानी जल्दी निकाला जा सके। मेले में साफ-सफाई के लिए तीन चलित सुविधाघर विभिन्न स्थानों पर स्थापित किए गए हैं, वहीं सीवर जेट मशीन भी मौके पर खड़ी की गई है, जिससे जरूरत पड़ने पर सुविधाघरों की सफाई की जा सके। नगर निगम की सहायक राजस्व निरीक्षक निशा लखानी ने बताया कि मेला स्थल पर अस्थाई स्टॉल लगाने का कार्य भी पूर्ण कर लिया गया है और कई लोगों ने स्टॉल बुक भी कर लिए हैं। मेले के लिए रोशनी, सफाई, फायर ब्रिगेड सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं का कार्य निगम की ओर से पूर्ण कर लिया गया है। सुरक्षा और सुविधा के लिए निगम की अलग-अलग टीमें मेला स्थल पर तैनात रहेंगी। नगर निगम आयुक्त जितेंद्र सिंह नरूका ने बताया कि नगर निगम की ओर से मेले में हर जरूरी इंतजाम पूरे कर लिए गए हैं। सभी विभागों की टीमें लगातार मॉनिटरिंग कर रही हैं ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

# अग्निवीर सेना भर्ती रैली को लेकर प्रशासन सतर्क, तैयारियों पर हुई समीक्षा बैठक



**वॉइस ऑफ प्रतिज्ञा अलवर**

राजकीय राजऋषि महाविद्यालय के खेल मैदान में आगामी 5 से 23 अगस्त तक आयोजित होने वाली अग्निवीर सेना भर्ती रैली की तैयारियों को लेकर गुरुवार को मिनी सचिवालय सभागार में समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता अतिरिक्त जिला कलक्टर शहर बीना महावर ने की। अतिरिक्त जिला कलक्टर ने बताया कि यह भर्ती रैली अलवर, खैरथल-तिजारा, कोटपुतली-बहरोड़, धौलपुर, भरतपुर व डीग जिले के युवाओं के लिए आयोजित होगी। उन्होंने सभी संबंधित विभागों को निर्देश दिए कि भर्ती स्थल पर पेयजल, बैठने की व्यवस्था, साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था समेत सभी तैयारियां समय पर पूरी कर ली जाएं। साथ ही यह सुनिश्चित किया जाए कि आने वाले अभ्यर्थियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। उन्होंने कहा कि भर्ती प्रक्रिया को व्यवस्थित ढंग से संचालित करने के लिए समन्वित कार्य योजना तैयार कर तत्काल अमल में लाई जाए। सेना भर्ती निदेशक कर्नल आलोक रंजन ने जानकारी दी कि भर्ती रैली के पहले चरण में लिखित परीक्षा आयोजित हो चुकी है और अब 5 अगस्त से 23 अगस्त तक शारीरिक परीक्षण की प्रक्रिया शुरू होगी। इस दौरान अग्निवीर जनरल ड्यूटी, लिपिक व स्टोर कीपर तकनीक, तकनीकी, ट्रेड्समैन (10वीं पास) और ट्रेड्समैन (8वीं पास) श्रेणियों में अभ्यर्थियों की दौड़ एवं अन्य फिजिकल टेस्ट होंगे। कर्नल रंजन ने पीपीटी के माध्यम से भर्ती प्रक्रिया की रूपरेखा और प्रशासनिक व्यवस्थाओं की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि समुचित व्यवस्था से युवाओं को बेहतर अनुभव मिलेगा और व्यवस्था में पारदर्शिता बनी रहेगी। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक तेजपाल सिंह ने बताया कि सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पर्याप्त पुलिस जाब्ता तैनात रहेगा। रोडवेज व परिवहन विभाग के साथ समन्वय कर अभ्यर्थियों के आवागमन के लिए विशेष वाहन व्यवस्था भी सुनिश्चित की जाएगी। बैठक के बाद प्रशासन और सेना अधिकारियों की संयुक्त टीम ने भर्ती स्थल का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की स्थिति का जायजा लिया। इस अवसर पर नगर निगम आयुक्त जितेन्द्र सिंह नरूका, उपखंड अधिकारी यशार्थ शेखर, डीटीओ सुरेश यादव, जलदाय विभाग के अधीक्षण अभियंता रमेश चंद सैनी, पीडब्ल्यूडी की अधिशासी अभियंता अल्का व्यास, विद्युत विभाग के अधिशासी अभियंता महेश देशवाल, डिप्टी सीएचएमओ डॉ. के.के. मीना, तहसीलदार रश्मि शर्मा, रसद विभाग के प्रवर्तन अधिकारी रणधीर सिंह सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# गिव अप अभियान के तहत 31 अगस्त तक अपात्र व्यक्ति हटवा सकते हैं खाद्य सुरक्षा योजना से नाम

**वॉइस ऑफ प्रतिज्ञा अलवर**

खाद्य सुरक्षा योजना के अंतर्गत लाभ ले रहे अपात्र व्यक्तियों के लिए राज्य सरकार ने 'गिव अप अभियान' चलाया है। इस अभियान के तहत ऐसे लाभार्थी जो आर्थिक रूप से सक्षम हैं, 31 अगस्त तक स्वेच्छा से अपना नाम खाद्य सुरक्षा सूची से हटवा सकते हैं। जिला रसद अधिकारी विनोद जुनेजा ने बताया कि नाम हटाने की प्रक्रिया को सरल किया गया है। ऐसे लाभार्थी जिनकी वार्षिक आय 1 लाख रुपये से अधिक है, जो आयकरदाता हैं या जिनके पास चौपहिया वाहन है, वे स्वयं को अपात्र मानते हुए योजना से बाहर हो सकते हैं। इसके लिए वे अपने नजदीकी उचित मूल्य दुकानदार या जिला रसद अधिकारी कार्यालय में निर्धारित प्रपत्र भरकर आवेदन कर सकते हैं। यह प्रपत्र जिले की सभी उचित मूल्य दुकानों पर उपलब्ध है। इसके अतिरिक्त, इच्छुक व्यक्ति खाद्य विभाग राजस्थान के पोर्टल https:// food. rajasthan.gov.in पर जाकर 'गिव अप अभियान के तहत खाद्य सुरक्षा योजना (NFSA) से स्वतः हटने के लिए आवेदन करें' लिंक के माध्यम से भी अपना नाम हटा सकते हैं। जुनेजा ने बताया कि इस अभियान के तहत आयकर विभाग से आयकरदाताओं की सूची और परिवहन विभाग से चौपहिया वाहनधारकों की जानकारी प्राप्त की जा रही है। इन आधारों पर अपात्र लाभार्थियों के खिलाफ विशेष अभियान चलाकर वसूली और दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। साथ ही योजना के तहत अब तक प्राप्त किए गए गेहूं की बाजार दर के अनुसार राशि की वसूली भी की जाएगी। अभियान के अंतर्गत अब तक पूरे प्रदेश में 22 लाख 53 हजार 200 व्यक्तियों ने स्वेच्छा से खाद्य सुरक्षा योजना से नाम हटवाए हैं, जिनमें अकेले अलवर जिले में यह संख्या 64 हजार 122 तक पहुंच चुकी है। प्रशासन ने अपील की है कि जो भी व्यक्ति इस योजना में अपात्र हैं, वे समय रहते स्वेच्छा से नाम हटवाकर जरूरतमंदों का हक न छीनें, ताकि योजनाओं का लाभ सही पात्रों तक पहुंच सके।

# ढहलावास पुलिया पर मलबा डालना बना मुसीबत, कीचड़ में फंसे वाहन, आठ किलोमीटर तक लगा जाम

**वॉइस ऑफ प्रतिज्ञा अलवर**



मालाखेड़ा क्षेत्र में सार्वजनिक निर्माण विभाग की लापरवाही एक बार फिर सामने आई है। विभाग द्वारा ढहलावास पुलिया पर डाला गया मलबा बारिश के बाद कीचड़ में तब्दील हो गया, जिससे टेंपो और वैन फंस गईं और दोनों ओर लंबा जाम लग गया। इस जाम से करीब आठ किलोमीटर क्षेत्र के 18 गांवों के लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। जानकारी के अनुसार किशनपुर गांव से लेकर पहाड़ी छिंड क्षेत्र के ढहलावास, गरवाजी तक की सड़कें पहले से ही जर्जर स्थिति में हैं। इसी बीच सार्वजनिक निर्माण विभाग द्वारा ढहलावास पुलिया पर मलबा डालने का काम किया गया। लेकिन विभाग ने बारिश की संभावना को नजरअंदाज कर मलबा बिना समुचित लेवलिंग और दबाव के डाल दिया, जिससे बरसात होते ही मलबा कीचड़ में बदल गया। बारिश के बाद किशनपुर-बावड़ी मार्ग पर बने इस कीचड़ में वैन और टेंपो फंस गए। देखते ही देखते दोनों तरफ वाहनों की लंबी कतारें लग गईं और यातायात पूरी तरह बाधित हो गया। गांव ढहलावास, रोबाड़ा, बद्रीनगर, सिरावास, बखतपुरा, बिनक, डोबा, रिगसपुरी, मीणा की ढाणी, सकतपुरा, बावड़ी की ढाणी सहित कई गांवों के लोग इस मार्ग से होकर चांद पहाड़ी और आसपास के क्षेत्रों में शादी समारोह एवं अन्य कार्यक्रमों के लिए जा रहे थे, लेकिन वे कीचड़ और जाम में फंस गए। स्थानीय लोगों ने बताया कि यह मार्ग पहले ही काफी खराब स्थिति में है, और विभागीय लापरवाही के कारण हालात और बिगड़ गए हैं। लोगों ने मांग की है कि विभाग तत्काल इस समस्या का समाधान करे और जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई हो। ग्रामीणों का कहना है कि अगर समय रहते विभाग ने स्थायी समाधान नहीं किया तो वे आंदोलन के लिए मजबूर होंगे। वहीं, कई लोगों ने सोशल मीडिया और स्थानीय प्रशासन को भी समस्या से अवगत कराया है, लेकिन अब तक किसी अधिकारी ने मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा नहीं लिया है। यह घटना विभागीय अनदेखी का प्रत्यक्ष प्रमाण बन गई है, जो ग्रामीण जनता के लिए एक बड़ी परेशानी में बदल चुकी है।

# झोलाछाप डॉक्टरों के सामने बेबस स्वास्थ्य विभाग, थानागाजी में खुलेआम चल रहा 'मौत का कारोबार'

**वॉइस ऑफ प्रतिज्ञा थानागाजी**




कस्बे सहित ग्रामीण क्षेत्र झोलाछाप डॉक्टरों के शिकंजे में हैं। हालात यह हैं कि अलवर-जयपुर मुख्य सड़क पर उपखण्ड कार्यालय और बीसीएमओ कार्यालय से महज 500 मीटर की दूरी पर झोलाछाप डॉक्टर खुलेआम टैंट लगाकर इलाज के नाम पर गरीबों की ज़िंदगी से खिलवाड़ कर रहे हैं। थानागाजी के अलवर रोड पर ट्रैक्टर एजेंसी के सामने तंबू लगाकर "अमरनाथ आयुर्वेदिक कैम्प" के नाम से चलाए जा रहे इस कथित इलाज केंद्र में सेक्स समस्याओं से लेकर गंभीर रोगों तक का इलाज आयुर्वेदिक जड़ी-बूटियों से करने का दावा किया जा रहा है। कैंप संचालक बिना किसी चिकित्सकीय डिग्री के खुद को वैद्य बताते हुए नाड़ी देखकर इलाज करने का दावा करता है। पूछे जाने पर उसने बताया कि यह उनका खानदानी काम है और इसके लिए किसी डिग्री की आवश्यकता नहीं है। यह मामला सिर्फ एक कैंप तक सीमित नहीं है। ब्लॉक के गांव-गांव और कस्बे की गलियों में ऐसे झोलाछाप डॉक्टरों की भरमार है। बिना किसी डिग्री के हर मर्ज का इलाज करने वाले ये लोग आमजन, खासकर ग्रामीण गरीबों के लिए मौत का सबब बन रहे हैं। कई बार इनके द्वारा दी गई दवाओं के कारण मरीजों की मौत तक हो चुकी है, लेकिन इसके बावजूद स्वास्थ्य विभाग की ओर से अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। स्थानीय लोगों का आरोप है कि इन झोलाछाप डॉक्टरों की स्वास्थ्य विभाग से मिलीभगत है। अगर कभी किसी शिकायत पर कार्रवाई होती भी है, तो इसकी सूचना पहले ही इन झोलाछापों तक पहुंच जाती है, जिससे वे मौके से फरार हो जाते हैं। छापेमारी के बाद सब कुछ पहले जैसा हो जाता है। इसके अलावा, कई अवैध मेडिकल स्टोर भी कस्बे और गांवों में बिना लाइसेंस संचालित हो रहे हैं, जहां प्रतिबंधित दवाएं भी आसानी से मिल जाती हैं। झोलाछाप डॉक्टरों का मुख्य शिकार गांवों में रहने वाले अनपढ़ और गरीब लोग होते हैं, जो 20 से 50 रुपये में इलाज करवा लेते हैं। कई बार यह इलाज जानलेवा साबित होता है। चिकित्सकीय सेवाओं की कमी और सरकारी अस्पतालों की दूरस्थता ऐसे झोलाछाप डॉक्टरों के लिए वरदान साबित हो रही है। बीसीएमएचओ थानागाजी बी.एल. यादव से जब इस बारे में संपर्क किया गया तो उन्होंने कहा कि उन्हें जानकारी मिली है और शीघ्र कार्रवाई की जाएगी। जब तक प्रशासन और चिकित्सा विभाग कठोर कदम नहीं उठाते, तब तक झोलाछाप डॉक्टर इसी तरह सड़कों पर मौत बांटते रहेंगे और आमजन की जान जोखिम में पड़ती रहेगी।

# एनएमएमएस चयन पर छात्राओं का सम्मान, ग्राम भूरियावास के विद्यालय में हुआ आयोजन



**वॉइस ऑफ प्रतिज्ञा थानागाजी**

ग्राम पंचायत भूरियावास के राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय टोडा में नेशनल मीन्स कम मेरिट स्कॉलरशिप (NMMS) परीक्षा में चयनित तीन छात्राओं के सम्मान में गुरुवार को समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पंचायत प्रारंभिक शिक्षा अधिकारी कन्हैयालाल शर्मा ने की। विद्यालय की छात्राएं – कृष्णा गुर्जर (पुत्री रामकिशोर गुर्जर), अनुष्का गुर्जर (पुत्री बाबूलाल गुर्जर) एवं कानी बाई (पुत्री आसाराम बलाई) के एनएमएमएस में चयन पर उन्हें स्मृति चिन्ह एवं पुष्पमाला पहनाकर सम्मानित किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि ग्राम पंचायत भूरियावास के सरपंच अरविंद कुमार बलाई रहे, जबकि विशिष्ट अतिथियों में जगदीश प्रसाद बुडानिया, पूरणमल चनेजा (राजस्थान पुलिस), गिरिराज प्रसाद गुर्जर (JVVNL), मूलचंद पोसवाल (ठेकेदार), सीताराम मीना, कालूराम बलाई, सांवरमल गुर्जर, रामजीलाल गुर्जर, पप्पूराम, श्रीराम, मातादीन बलाई, ज्ञानसिंह प्रजापत, सीताराम प्रजापत, विष्णु कुमार शर्मा, ओमप्रकाश बलाई, सीता प्रजापत, सोनम, सरला, साधुराम चनेजा, रामकिशन गुर्जर, रेवती, धौली, सुमन सहित अनेक ग्रामवासी मौजूद रहे। अधिकारियों व अतिथियों ने चयनित छात्राओं की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की और अन्य विद्यार्थियों को भी इस उपलब्धि से प्रेरणा लेने का संदेश दिया। इस छात्रवृत्ति योजना के तहत चयनित विद्यार्थियों को चार वर्षों में कुल 48,000 की आर्थिक सहायता दी जाएगी, जो उन्हें उच्च शिक्षा की दिशा में आगे बढ़ने में सहायक होगी। समारोह का मंच संचालन सीताराम प्रजापत ने किया। आयोजन से गांव के शैक्षिक वातावरण को प्रोत्साहन मिला है और ग्रामीण समाज में बालिकाओं की शिक्षा को लेकर सकारात्मक संदेश गया है।

# सरिस्का में खनन से टाइगरों को खतरा, कांग्रेस करेगी विरोधः जितेंद्र सिंह ने सुप्रीम कोर्ट जाने की चेतावनी दी

**वॉइस ऑफ प्रतिज्ञा अलवर**

सरिस्का टाइगर रिजर्व में खनन को लेकर प्रदेश की राजनीति गरमा गई है। पूर्व केंद्रीय मंत्री और कांग्रेस नेता जितेंद्र सिंह ने सरकार पर बड़ा आरोप लगाते हुए कहा कि सुप्रीम कोर्ट द्वारा बंद की गई खानों को फिर से शुरू करने की तैयारी राज्य सरकार कर रही है, जिससे टाइगरों की जान को खतरे में डाला जा रहा है। शुक्रवार को अलवर के फूलबाग स्थित आवास पर पत्रकारों से बातचीत में जितेंद्र सिंह ने कहा कि सरिस्का में खनन से पर्यावरण को नुकसान होगा और वन्यजीवों विशेषकर बाघों का अस्तित्व खतरे में पड़ जाएगा। उन्होंने आरोप लगाया कि एक बड़े माफिया के दबाव में अधिकारियों ने आनन-फानन में रिपोर्ट तैयार की और सेंट्रल बोर्ड से तुरंत मंजूरी दिलवा दी गई। सिंह ने कहा कि इस पूरे प्रकरण में भारी भ्रष्टाचार की बू आ रही है और यदि जरूरत पड़ी तो कांग्रेस पार्टी सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाएगी। पूर्व मंत्री ने सरिस्का के ऐतिहासिक महत्व को याद करते हुए बताया कि करीब 15 साल पहले जब वहां से सभी बाघ खत्म हो गए थे, तब कांग्रेस सरकार ने हेलिकॉप्टर के माध्यम से टाइगर लाकर सरिस्का को पुनः आबाद किया था। उन्होंने बताया कि सरिस्का टाइगर प्रोजेक्ट देश में एक मॉडल के रूप में जाना जाता है और यहां दोबारा टाइगर लाने का प्रयास पूरी दुनिया में सराहा गया। उन्होंने चिंता जताई कि अब उसी क्षेत्र में फिर से खनन शुरू करने की तैयारी हो रही है, जबकि यह इलाका टाइगरों की उपस्थिति और प्राकृतिक जैव विविधता के लिए जाना जाता है। देश में किसी भी नेशनल पार्क के 30 किलोमीटर दायरे में खनन की अनुमति नहीं होती, लेकिन यहां माफिया के प्रभाव में नियमों को ताक पर रखकर निर्णय लिया जा रहा है। सिंह ने सिलीसेढ़ जल परियोजना पर भी चिंता जताई। उन्होंने कहा कि अलवर शहर में पानी पहुंचाने के प्रयास सही दिशा में तभी होंगे जब स्थानीय लोगों को विश्वास में लिया जाए। उन्होंने चेतावनी दी कि ड्राई जोन में बोरिंग जल्द सूख जाती हैं और सिलीसेढ़ भी विजय मंदिर और जयसमंद की तरह खाली हो सकता है। उन्होंने ईआरसीपी का पानी लाने की आवश्यकता पर बल दिया। एसआई भर्ती को लेकर भी पूर्व मंत्री ने सरकार को घेरा और कहा कि बीजेपी ने चुनाव से पहले आरपीएससी को भंग करने की बात कही थी, लेकिन अब वादे से पीछे हट रही है। उन्होंने युवाओं के साथ धोखा होने का आरोप लगाया। कांग्रेस नेता ने स्पष्ट किया कि पार्टी इस पूरे मामले में एकजुट होकर सरकार के खिलाफ संघर्ष करेगी और यदि सरकार पीछे नहीं हटी तो कानूनी लड़ाई भी लड़ी जाएगी।



# मुख्यमंत्री ने पं. दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाड़ा के अंतर्गत शिविर का किया अवलोकन






## राज्य सरकार आमजन से किए हर वादे को कर रही पूरा- मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा

**वॉइस ऑफ प्रतिज्ञा खैरथल-तिजारा**

मुख्यमंत्री  भजनलाल शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार गरीब को गणेश मानकर वंचित वर्ग, किसान, युवा और महिला के साथ ही हर वर्ग के लिए कल्याणकारी योजनाएं संचालित कर रही है। समाज के अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति तक इन योजनाओं को पहुंचाने के संकल्प के साथ हमारी सरकार पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाड़े के अंतर्गत प्रदेशभर में शिविरों का आयोजन कर रही है। शर्मा शुक्रवार को खैरथल-तिजारा के ग्राम असलीमपुर में पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाड़ा के अंतर्गत आयोजित जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि पखवाड़े के माध्यम से ग्राम स्तर पर ही किसानों को वर्षों से लंबित राजस्व के विभिन्न प्रकरणों में तुरंत राहत मिल रही है। गांवों में इन शिविरों के माध्यम से पानी, बिजली, स्वच्छता से जुड़े विभिन्न कार्य प्रमुखता से किए जा रहे हैं। वहीं, हर पात्र परिवार तक आयुष्मान कार्ड का वितरण एवं पशुओं का टीकाकरण भी किया जा रहा है।

### प्रधानमंत्री ने गरीबों का जीवन स्तर बनाया बेहतर

मुख्यमंत्री ने कहा कि पंडित दीनदयाल गरीबी मुक्त गांव योजना के तहत बीपीएल परिवारों को विभिन्न योजनाओं से जोड़ा जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वर्ष 2014 के बाद गरीब कल्याण की परिभाषा बदलकर उसका जीवन स्तर बेहतर बनाने का काम किया है। उनके नेतृत्व में हमारी सरकार युवा, महिला, किसान, मजदूर के लिए काम कर रही है। उन्होंने कहा कि विकसित राजस्थान बनाने के लिए राज्य सरकार ने राम जल सेतु लिंक परियोजना, यमुना जल समझौता, देवास परियोजना जैसी विभिन्न योजनाओं तथा इंदिरा गांधी नहर एवं गंगनहर के माध्यम से किसान और उद्योगों के लिए पानी की उपलब्धता सुनिश्चित की है।

### अन्त्योदय संबल पखवाड़े में मिल रहा योजनाओं का लाभ

मुख्यमंत्री ने कहा कि इस पखवाड़े में नागरिकों को सरकारी योजनाओं का लाभ मिल रहा है। अब तक सीमाज्ञान के करीब 28 हजार, नामांतरण के 66 हजार, सहमति विभाजन के 13 हजार से अधिक और रास्तों के 14 हजार प्रकरणों का निस्तारण किया गया है। इसी तरह, इन शिविरों में राजस्व संबंधित प्रकरणों में अब तक 4 हजार से अधिक लंबित पत्थरगढ़ी प्रकरणों का निस्तारण किया गया है तथा 4 हजार से अधिक लंबित कुर्रेजात रिपोर्ट तैयार कर जनता को राहत दी गई है। उन्होंने कहा कि गांव गूगलहेडी में लगभग 25 घरों तक पहुंचने का रास्ता उपलब्ध नहीं था, शिविर में अतिक्रमण किए गए रास्ते को खुलवाकर 100 लोगों को रास्ता दिया गया।   शर्मा ने कहा कि पूर्ववर्ती सरकार के समय खनन क्षेत्र में वर्ष 2023-24 में 7 हजार 460 करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ था। वहीं, हमारी सरकार में यह 24 प्रतिशत की वृद्धि से बढ़कर 9 हजार 228 करोड़ रुपये हो गया है। उन्होंने कहा कि अवैध खनन पर भी हमारी सरकार निरंतर सख्त कार्रवाई कर रही है। हमारी सरकार ने बजरी के 255 प्लॉटों की सफल नीलामी की है। उन्होंने कहा कि आमजन से संकल्प पत्र में किए गए एक-एक वादे को हम पूरा कर रहे हैं।

### पूर्ववर्ती सरकार के पांच साल के मुकाबले हमारे डेढ़ साल का कार्य अधिक

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार ने डेढ़ वर्ष में पूर्ववर्ती सरकार के पांच साल के मुकाबले अधिक कार्य किए हैं। पूर्ववर्ती सरकार ने 5 साल में केवल एक लाख 75 हजार स्वामित्व कार्ड का वितरण किया, जबकि हमारी सरकार ने 18 माह में ही साढ़े 9 लाख कार्ड वितरित किए। हमने 3 लाख को कौशल प्रशिक्षण दिया, जबकि पूर्ववर्ती सरकार ने पांच साल में केवल 2 लाख 35 हजार हजार को दिया। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने बिजली उत्पादन क्षमता में 4 हजार 270 मेगावाट की वृद्धि की, जबकि गत सरकार 5 वर्षों में 3 हजार 948 मेगावाट ही बढ़ा पाई।  श्री शर्मा ने कहा कि हमने 18 महीनों में 32 हजार से अधिक फार्म पौंड बनवाए जबकि गत सरकार ने 5 साल में केवल 29 हजार पौंड बनवाए गए। कुसुम 'सी' में हमने 2 हजार 91 एलओपी जारी किए, जबकि गत सरकार ने पांच साल में 57 एलओपी ही दिए गए। वहीं, हमारी सरकार ने 1 हजार 381 गांवों को सड़कों से जोड़ा, जबकि पूर्ववर्ती सरकार 5 वर्षों में 1 हजार 104 गांवों को जोड़ पाई। हमने महज 18 महीनों में 10 लाख 51 हजार साइकिलें वितरित की हैं, जबकि गत सरकार ने पांच साल में केवल 10 लाख 36 हजार साइकिलें वितरित की गई। हमारी सरकार ने पिछले डेढ़ साल में 89 हजार स्कूली विद्यार्थियों को टैबलेट, लैपटॉप का वितरण किया, जबकि गत सरकार ने पूरे पांच साल में केवल 986 टैबलेट-लैपटॉप का वितरण किया था। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार अब तक 142 राजकीय महाविद्यालयों के भवनों का निर्माण करा चुकी है, जबकि गत सरकार ने 5 वर्षों में केवल 57 भवनों का निर्माण करवाया था।

### वर्ष 2027 तक किसानों को दिन में मिलेगी बिजली

शर्मा ने कहा कि प्रदेश को बिजली के क्षेत्र में मजबूत बनाकर वर्ष 2027 तक किसानों को दिन में बिजली उपलब्ध करवायी जाएगी। उन्होंने कहा कि पूर्ववर्ती सरकार में पेपरलीक की घटनाओं से युवा निराश हो गया था, लेकिन हमारी सरकार ने रोजगार के सपने को साकार करते हुए 69 हजार युवाओं को नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए हैं। वहीं, पांच वर्ष में चार लाख युवाओं को सरकारी नौकरी देने के वादे को भी पूरा करेंगे। उन्होंने कहा कि राइजिंग राजस्थान में 35 लाख करोड़ रुपये के एमओयू साइन हुए हैं। इनमें से 4 लाख करोड़ रुपये से अधिक के एमओयू धरातल उतर चुके हैं। उद्योग की दृष्टि से भिवाड़ी और तिजारा समृद्ध क्षेत्र हैं। इसलिए हमारी सरकार ढाई हजार करोड़ रुपये से अधिक के विकास कार्य खैरथल-तिजारा जिले में करवा रही है।

### तिजारा विधानसभा क्षेत्र का हो रहा चहुंमुखी विकास

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार खैरथल-तिजारा जिले में विभिन्न विकास कार्य करवा रही है। इन कार्यों से तिजारा विधानसभा क्षेत्र का भी चहुंमुखी विकास हो रहा है। उन्होंने कहा कि तिजारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को उप जिला चिकित्सालय में क्रमोन्नत किया गया है। खुशखेड़ा उप स्वास्थ्य केंद्र को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में क्रमोन्नत किया गया है। भिवाड़ी में नवीन पॉलिटेक्निक महाविद्यालय खोलने हेतु स्वीकृति जारी की जा चुकी है। वहीं, तिजारा में कन्या महाविद्यालय खोला जाएगा तथा भिवाडी को क्लीन एंड ग्रीन-इको सिटी बनाएंगे।

### मुख्यमंत्री ने खैरथल-तिजारा और अलवर को दी विकास की विभिन्न सौगातें

केन्द्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री श्री भूपेन्द्र यादव ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा ने अलवर भरतपुर के लिए 5 हजार 432 करोड़ रुपये की चम्बल पेयजल योजना को स्वीकृति प्रदान कर तिजारा के 172 गांवों में पीने के पानी की उपलब्धता सुनिश्चित की है। उन्होंने कहा कि अलवर की रूपारेल नदी के लिए मुख्यमंत्री ने स्टेट वाइल्ड लाइफ बोर्ड के माध्यम से जो प्रस्ताव भेजा उसे नेशनल वाइल्ड लाईफ बोर्ड से स्वीकृति मिल चुकी है। इससे रूपारेल नदी में पानी की आवक होगी।

केन्द्रीय मंत्री श्री यादव ने कहा कि बीडा के माध्यम से भिवाड़ी, नीमराणा और अब बहरोड़ तक सतत विकास किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने यहां के ओद्यौगिक क्षेत्र को दृष्टिगत रखते हुए बजट में पॉलिटेक्निक कॉलेज दिया, तिजारा के लिए कन्या महाविद्यालय, खैरथल-तिजारा में सावित्री बाई छात्रावास और एक महाविद्यालय स्तरीय छात्रावास की भी सौगात दी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा उपलब्ध करवाई गई वित्तीय सहायता से भिवाड़ी में खेलों के विकास के लिए इंडोर स्टेडियम और बैडमिंटन कोर्ट का निर्माण कार्य पूरा हो चुका है।

यादव ने कहा कि बाबा मोहनराम स्थल के पास 102 हेक्टेयर क्षेत्र पर नगर वन विकसित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री की पहल से भिवाड़ी क्षेत्र में जलभराव की समस्या के समाधान के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाए गए हैं। इस क्षेत्र में मुख्यमंत्री द्वारा दी गई कई बजट सौगातें मूर्तरूप ले रही है। वहीं, कानून व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए विभिन्न आधुनिक संसाधन उपलब्ध करवाए गए हैं।

जनसभा में मुख्यमंत्री ने विभिन्न विभागों की योजनाओं के लाभार्थी श्री रामस्वरूप यादव और श्रीमती कैलाश देवी को सहमति के आधार पर विभाजन का प्रमाण पत्र, श्री रोशन लाल (फार्म पौण्ड योजना), श्रीमती उगनता (तारबंदी योजना), श्री देशराज (ड्रिप फव्वारा संयंत्र), श्रीमती शारदा देवी (मुख्यमंत्री कृषक साथी सहायता योजना) एवं श्री किशनलाल यादव (पीएम सुर्य घर मुफ्त बिजली योजना) को चैक प्रदान किए।

इस अवसर पर तिजारा विधायक महंत बाबा बालक नाथ ने अपने उद्बोधन में कहा यह पखवाड़ा किसानों के लिए बहुत फायदेमंद साबित हो रहा है। गांवों में ही पुराने राजस्व मामलों का तुरंत समाधान किया जा रहा है। इसके साथ ही, शिविरों के ज़रिए पानी, बिजली और सफाई जैसे ज़रूरी काम तेजी से किए जा रहे हैं। इसके अलावा, सभी पात्र परिवारों को आयुष्मान कार्ड दिए जा रहे हैं और पशुओं का टीकाकरण भी किया जा रहा है।

इससे पहले मुख्यमंत्री ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाड़ा के अंतर्गत आयोजित शिविर का अवलोकन किया तथा विभिन्न विभागों की स्टॉल्स पर लाभार्थियो से संवाद किया। इस दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण की लाभार्थी को चैक और स्कूल शिक्षा की मेधावी छात्राओं को स्कूटी का वितरण भी किया। उन्होंने सभास्थल पर 'एक पेड़ मां के नाम' तथा 'हरियालो राजस्थान' अभियान के तहत पौधारोपण कर आमजन को पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

इस अवसर पर वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संजय शर्मा, तिजारा विधायक महंत बाबा बालक नाथ, विधायक विधानसभा रामगढ सुखवन्त सिंह , जिला प्रमुख बलवीर छिल्लर, पूर्व राज्यमंत्री राजस्थान हेमसिंह भडाना, पूर्व विधायक विधानसभा किशनगढबास रामहेत सिंह यादव, पूर्व विधायक विधानसभा मुण्डावर मंजीत सिंह चौधरी, पूर्व विधायक विधानसभा तिजारा मास्टर मामन सिंह, पूर्व विधायक विधानसभा अलवर ग्रामीण जयराम जाटव,  जिलाध्यक्ष अलवर उत्तर महासिंह चौधरी, जिलाध्यक्ष अलवर दक्षिण अशोक गुप्ता, प्रधान पं.स. तिजारा जयप्रकाश यादव, सहित विभिन्न जनप्रतिनिधिगण, अधिकारी एवं सहित बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे।

## कॉलेज छात्राओं ने नशे के खिलाफ बनाए पोस्टर, कार्यशाला में मिला जागरूकता का संदेश

**वॉइस ऑफ प्रतिज्ञा टपूकड़ा**

कस्बे की राजकीय कन्या महाविद्यालय में शनिवार को राष्ट्रीय सेवा योजना (हृस्स्) के तहत नशा मुक्ति पर केंद्रित एक जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर 'नई किरण नशा मुक्ति केंद्र' की टीम द्वारा छात्राओं को नशे के दुष्प्रभावों की जानकारी दी गई और समाज में बढ़ते नशे की प्रवृत्ति को रोकने के उपायों पर चर्चा की गई। कार्यशाला को संबोधित करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य मनोज चौपड़ा ने कहा कि नशा केवल एक व्यक्ति को नहीं, बल्कि पूरे परिवार और समाज को प्रभावित करता है। उन्होंने कहा कि छात्राएं समाज की रीढ़ होती हैं और उन्हें नशा मुक्त भारत के निर्माण में अग्रणी भूमिका निभानी चाहिए। राष्ट्रीय सेवा योजना की प्रभारी डॉ. प्रियंका गुप्ता ने युवाओं में नशे की बढ़ती प्रवृत्ति पर गहरी चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि नशा एक सामाजिक बुराई है, जिसे केवल सरकार नहीं बल्कि समाज के हर व्यक्ति को मिलकर खत्म करना होगा। उन्होंने छात्राओं से आह्वान किया कि वे अपने घर, मोहल्ले और समाज में जागरूकता फैलाएं। कार्यशाला में छात्राओं ने नशा मुक्ति को लेकर रंग-बिरंगे प्रेरणादायक पोस्टर तैयार किए। इन पोस्टरों में नशे के कारण, उसके दुष्परिणाम, समाधान और नशा छोड़ने के संदेश चित्रों के माध्यम से दिए गए। पोस्टर प्रदर्शनी ने सभी का ध्यान आकर्षित किया और छात्राओं की रचनात्मकता की सराहना भी हुई। इस अवसर पर महाविद्यालय के समस्त स्टाफ, हृस्स् स्वयंसेवक व बड़ी संख्या में छात्राएं उपस्थित रहीं। कार्यशाला का उद्देश्य नशा मुक्त समाज की ओर ठोस कदम बढ़ाना और युवाओं को इस अभियान से जोड़ना रहा। कार्यक्रम के अंत में धन्यवाद ज्ञापन हृस्स् प्रभारी डॉ. प्रियंका गुप्ता ने किया और छात्राओं को समाज में बदलाव लाने की दिशा में निरंतर सक्रिय रहने के लिए प्रेरित किया।

## रंजिश में बदमाशों ने पीजी संचालक और एक अन्य पर की फायरिंग, दोनों घायल

**वॉइस ऑफ प्रतिज्ञा नीमराणा**

कस्बे में शुक्रवार रात रंजिश के चलते बड़ी वारदात सामने आई, जब बदमाशों ने श्री श्याम पीजी संचालक व एक अन्य व्यक्ति पर अंधाधुंध फायरिंग कर दी। यह हमला नीमराणा पुलिस थाने से महज आधा किलोमीटर की दूरी पर हुआ, जिसने क्षेत्र में सनसनी फैला दी। फायरिंग में घायल हुए दोनों व्यक्तियों को औद्योगिक क्षेत्र के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना रात करीब साढ़े दस बजे की है, जब बिचपुरी निवासी पीजी संचालक नरदेव पुत्र बलवंत सिंह और भादरा हनुमानगढ़ निवासी अक्षय कुमार पुत्र राजेश कुमार श्री श्याम पीजी व ट्यूबवेल के कार्य स्थल पर बैठे थे। तभी दो गाड़ियों में सवार होकर आए बदमाशों ने उन पर 10 से 12 राउंड फायरिंग की। गोली लगने से दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। फायरिंग के बाद बदमाश दो वाहन मौके पर ही छोड़कर अन्य गाड़ियों में सवार होकर फरार हो गए। सूचना मिलने पर नीमराणा डीएसपी सचिन शर्मा, थानाधिकारी राजेश मीणा सहित पुलिस टीम मौके पर पहुंची और घटनास्थल का जायजा लिया। पुलिस ने इलाके में नाकाबंदी कर बदमाशों की धरपकड़ के लिए दबिश देना शुरू कर दिया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार घायल नरदेव पर करीब एक साल पहले भी जानलेवा हमला हो चुका है, जिससे यह मामला आपसी रंजिश से जुड़ा माना जा रहा है। पुलिस ने छोड़े गए वाहनों को जब्त कर उनकी जांच शुरू कर दी है। घटनास्थल से कुछ खोखे भी बरामद हुए हैं। नीमराणा जैसे औद्योगिक क्षेत्र में थाने के बिल्कुल समीप हुई इस दुस्साहसी वारदात ने सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

## सफलता तभी मिल सकती है जब  जीवन में आने वाले कष्टों और विफलताओं से घबराए नही -बाबा शंकर नाथ योगी

**वॉइस ऑफ प्रतिज्ञा किशनगढ़ बास**



सोमनाथ धाम आगरा के मठाधीश बाबा शंकर नाथ  योगी  गुरुवार देर रात को किशनगढ़ बास पहुंचे किशनगढ़ पास पहुंचने पर सैकड़ो श्रद्धालुओं ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया वाला है  इस मौके पर बाबा शंकर नाथ योगी ने सेवको को प्रवचन के माध्यम से कहा कि किसी भी व्यक्ति को सफलता तभी मिल सकती है जब वह जीवन में आने वाले कष्टों और विफलताओं से घबराए बिना उन्हें सहन करने की क्षमता विकसित करता है। उन्होंने कहा कि जो व्यक्ति संघर्ष से भागता है, वह जीवन में कभी सफलता नहीं प्राप्त कर सकता। हर मुश्किल के बाद आने वाली सफलता का स्वाद बहुत ही मीठा होता है और यह जीवन को एक नया दृष्टिकोण देती है। बाबा शंकर नाथ योगी ने  अपने प्रवचन में जीवन के उद्देश्य पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि आज के समय में लोग भौतिक सुख-सुविधाओं में खो गए हैं और वे अपनी आत्मा की गहरी बातों को समझने से चूक रहे हैं। वे जीवन के सही उद्देश्य को समझाने का प्रयास करते हैं। जो केवल बाहरी दुनिया से नहीं, बल्कि आत्मा के भीतर से आता है। योगी के अनुसार, जीवन का असल उद्देश्य आत्मज्ञान प्राप्त करना और अपने भीतर की दिव्यता को पहचानना है। सत्संग प्रवचन के पश्चात प्रसाद वितरण किया गया। शुक्रवार को बाबा शंकर नाथ योगी ने खैरथल, वल्लभ ग्राम,इस्माइलपुर  आदि जगहों पर सेवकों ने फूलमाला बैंड बाजा के साथ स्वागत किया इस दौरान चिमनदास नानकानी, माधव दास, घनश्याम दास, बंटी लाल, टीकमदास,डॉ युधिष्ठिर पमनानी, डाक्टर राजेश पमनानी, नरेश ननकानी राजकुमार ननकानी दिनेश तेजवानी सहित सैकड़ो सेवक मौजूद रहे।

## अनिल कुमार मजोका बने राजस्थान आवासन बोर्ड कर्मचारी संघ के अध्यक्ष

**वॉइस ऑफ प्रतिज्ञा भिवाड़ी**

राजस्थान आवासन बोर्ड कर्मचारी संघ, शाखा भिवाड़ी के द्विवार्षिक चुनाव शुक्रवार को संपन्न हुए। पूरी पारदर्शिता के साथ आयोजित इस चुनाव में अनिल कुमार मजोका को सर्वसम्मति से शाखा अध्यक्ष चुना गया। प्रक्रिया केंद्रीय पर्यवेक्षक शिखा माथुर और परियोजना अभियंता खण्ड भिवाड़ी के नेतृत्व में हुई। चुनाव में उपाध्यक्ष सुभाष यादव, जयपुर संघ समिति अध्यक्ष रमेश चंद शर्मा, कोषाधिकारी मोहन सिंह और प्रचार मंत्री मनोज ठाकुर उपस्थित रहे। शिखा माथुर ने नवनियुक्त अध्यक्ष अनिल कुमार मजोका को पद की शपथ दिलाई। इस अवसर पर संघ और कार्यकारिणी के कई सदस्य मौजूद थे, जिनमें सुभाष चन्द्र, आशीष भदौरिया, पवन कुमार चुनबुक, गोपाल शर्मा, प्रशान्त देव, नरेश कुमार योगी और देशराज मीणा शामिल थे। नवनिर्वाचित अध्यक्ष मजोका ने कर्मचारी संघ के कल्याण और विकास के लिए काम करने का वादा किया। उन्होंने संगठन के हितों को प्राथमिकता देते हुए सभी सदस्यों के सहयोग से लक्ष्यों को प्राप्त करने का संकल्प लिया। उपस्थित सदस्यों ने भी एकजुट होकर संगठन के उद्देश्यों को आगे बढ़ाने की प्रतिबद्धता जताई। यह चुनाव



कर्मचारी संघ की एकता और संगठनात्मक मजबूती का प्रतीक रहा। नई कार्यकारिणी के नेतृत्व में भिवाड़ी शाखा के कर्मचारियों के हितों और कल्याण के लिए नए कदम उठाए जाने की उम्मीद है।

## सीयूईटी 2025 में कृषि विज्ञान वर्ग में केशवानन्द सिरमोर

**वॉइस ऑफ प्रतिज्ञा सीकर**



एन एच 52 स्थित स्वामी केशवानन्द शिक्षण संस्थान समूह भढ़ाडर सीकर के 155 छात्रों का केन्द्रीय विश्वविद्यालय हेतु प्रवेश परीक्षा में चयन होकर केशवानन्द एग्रीकल्चर एकेडमी का परचम बरकरार रखा है। प्राचार्य महोदय ने जानकारी देते हुए बताया की यह विद्यार्थी सम्पूर्ण वर्षभर 12वीं की तैयारी के साथ-साथ एग्रीकल्चर फाउण्डेशन का कोर्स भी कर रहे थे। 12वीं कक्षा के साथ ही इन विद्यार्थीयों ने केन्द्रीय कृषि विश्वविद्यालयों में अपना स्थान निश्चित किया। संस्थान निदेशक रामनिवास ढ़ाका ने सीयूईटी परिणाम को देखते हुये बताया की संस्थान के हर दुसरें विद्यार्थी का सम्भावित चयन राजकीय कृषि महाविद्यालयों में होने की सम्भावना जतायी। इस क्रम में संस्थान के प्रतिष्ठा ने 573, सिद्धार्थ स्वामी ने 560, अंकित गोदारा ने 543, दिनेश कुमार 541 के साथ आर्यन, खुशी शर्मा, आरती धाकड़, प्रियांशी, कुशल गोदारा, अंकित नेहरा, योगिता, लविना शर्मा, आलिया खान, दिनेश कड़वासरा, राजा बैरवाल, अनुज चौधरी आदि ने 12वीं कृषि विज्ञान वर्ग में टॉप करने के साथ ही सीयूईटी - 2025 के परिणाम में केशवानन्द का परचम लहराया। प्रतिष्ठा, सिद्धार्थ, दिनेश व अंकित को सर्वश्रेष्ठ 10 कृषि महाविद्यालयों में प्रवेश मिलने की सम्भावना बनी है। इस अवसर पर संस्थान निदेशक ने चयनित छात्रों को बधाई प्रेषित कीं।

## दुकान में चोरी का प्रयास, ग्रामीणों ने दो चोरों को पकडक़र किया पुलिस के हवाले

**वॉइस ऑफ प्रतिज्ञा कोटकासिम**

क्षेत्र के शेरपुर मैनावास गांव में चोरी का प्रयास करते दो युवकों को ग्रामीणों ने रंगे हाथों पकडक़र पुलिस के हवाले किया। भीमसिंह ने बताया कि रात करीब 9 बजे अपनी सब्जी की दुकान बंद कर घर चले गए थे। रात करीब साढे 2 बजे दो अज्ञात युवक दुकान की जाली व गेट तोडक़र अंदर घुस गए और चोरी करने लगे। दुकान के पास झोपड़ी में सो रहे श्रीभगवान को आवाज सुनाई दी। जिसने छोटे भाई टीनू सिंह को सूचना दी। टीनू मौके पर पहुंचा तो देखा कि दुकान में चोरी हो रही है। उसने परिजनों व ग्रामीणों को बुलाया। सभी ने मिलकर दोनों आरोपियों को पकड़ लिया और तुरंत पुलिस को सूचना दी। कोटकासिम थाना पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपियों को गिरफ्तार कर थाने लाई। पुलिस ने लोहे की रॉड, बिना नंबर प्लेट की स्प्लेंडर बाइक व टूटे सीसीटीवी कैमरे बरामद किए। पुलिस घटना की जांच कर रही है।



# डॉ. अम्बेडकर विचार मंच की बैठक रविवार को रामसिंहपुरा में आयोजित होगी

**वॉइस ऑफ प्रतिज्ञा कोटपूतली**

डॉ. अम्बेडकर विचार मंच (समिति) की जिला, ब्लॉक एवं प्रदेश कार्यकारिणी के प्रतिनिधि मंडल की संयुक्त बैठक आगामी रविवार को ग्राम रामसिंहपुरा स्थित डॉ. अम्बेडकर छात्रावास में आयोजित की जाएगी। यह बैठक जिलाध्यक्ष पूरण सिंह की अध्यक्षता में सम्पन्न होगी। बैठक में पूर्व में लिए गए प्रस्तावों की प्रगति की समीक्षा की जाएगी तथा छात्रावास में 02 नम्बर जीने के टॉवर निर्माण को लेकर विस्तृत चर्चा की जाएगी। समिति की प्राथमिकता है कि छात्रावास में रहने वाले विद्यार्थियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सकें, जिससे वे शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ सकें। इसके साथ ही बैठक में उन भामाशाहों से भी आग्रह किया गया है जिन्होंने पूर्व में छात्रावास में कमरों का निर्माण करवाया था, लेकिन किसी कारणवश उनके नाम का शिलापट्ट नहीं लगाया जा सका। समिति ने ऐसे सभी भामाशाहों से बैठक में उपस्थित होकर अपना दावा प्रस्तुत करने का अनुरोध किया है ताकि संबंधित कमरों पर उनका नाम अंकित किया जा सके और उन्हें उचित सम्मान मिल सके। बैठक को लेकर समिति के सदस्यों और कार्यकर्ताओं में उत्साह देखा जा रहा है। इस दौरान समिति द्वारा छात्रावास के भविष्य से जुड़े अन्य मुद्दों पर भी विचार-विमर्श किया जाएगा।

# उभरती तीरंदाज डोली मीणा को कलेक्टर ने सौंपी 2 लाख की सहायता राशि

**वॉइस ऑफ प्रतिज्ञा अलवर**

जिले की होनहार तीरंदाज खिलाड़ी डोली मीणा को कलेक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला ने शुक्रवार को 2 लाख रुपए की सहायता राशि का चेक सौंपा। यह सहायता राशि कॉर्पोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी (सीएसआर) के तहत अलवर चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री की ओर से प्रदान की गई। डोली मीणा ने हाल ही में एसजीएफआई नेशनल गेम्स 2023 में स्वर्ण पदक तथा खेलो इंडिया नेशनल गेम्स में रजत पदक जीतकर जिले का नाम राष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित किया है। कलेक्टर ने उनकी उपलब्धियों की सराहना करते हुए कहा कि डोली जैसे प्रतिभाशाली खिलाड़ी समाज के लिए प्रेरणा स्रोत हैं। उन्होंने कहा कि खेलों के क्षेत्र में डोली की मेहनत और लगन अन्य युवा खिलाड़ियों को भी आगे बढ़ने की दिशा में प्रेरित करेगी। इस मौके पर जिला उद्योग केंद्र के महाप्रबंधक एम.आर. मीणा, चैम्बर अध्यक्ष राजेश गुप्ता, निकुंज सांघी, संदीप गुप्ता सहित अन्य अधिकारी और चैम्बर पदाधिकारी मौजूद रहे। कलेक्टर ने चैम्बर ऑफ कॉमर्स के इस सहयोग की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे प्रयासों से ही प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का अवसर मिलता है और वे अपनी क्षमताओं का बेहतर प्रदर्शन कर पाते हैं। डोली मीणा की इस उपलब्धि से न केवल उनके परिवार और कोच को गर्व है, बल्कि पूरा जिला गौरवान्वित महसूस कर रहा है। सहायता राशि से डोली को अपने प्रशिक्षण और प्रतियोगिताओं की तैयारियों में मदद मिलेगी, जिससे वह भविष्य में और भी ऊंचाइयों को छू सकेगी। अधिकारियों ने भी आश्वस्त किया कि जिले में खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने के लिए हरसंभव प्रयास किए जाएंगे। कार्यक्रम के अंत में डोली मीणा ने सभी का आभार जताते हुए कहा कि वह आगे भी मेहनत करके देश के लिए पदक लाने का संकल्प रखती हैं।

# तिजारा बालिका विद्यालय में भूगोल और गृहविज्ञान की पढ़ाई शुरू, छात्राओं को मिलेगा नया विकल्प

**वॉइस ऑफ प्रतिज्ञा तिजारा**

पीएमश्री राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय तिजारा में अध्ययनरत छात्राओं के लिए इस वर्ष एक बड़ी सुविधा शुरू की गई है। विद्यालय में आर्ट्स संकाय के अंतर्गत अब भूगोल और गृहविज्ञान जैसे दो नए विषयों की पढ़ाई भी शुरू की जा रही है। प्रधानाचार्या मीरा मुखीजा ने बताया कि अब तक विद्यालय में हिंदी साहित्य, संस्कृत साहित्य और राजनीति विज्ञान जैसे विषय संचालित किए जा रहे थे। लेकिन राज्य सरकार की अनुमति के बाद अब कक्षा 11वीं से भूगोल और गृहविज्ञान की पढ़ाई की भी शुरुआत की जा रही है। इस निर्णय से तिजारा ही नहीं, बल्कि आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों की बालिकाओं को भी लाभ मिलेगा। अब उन्हें इन विषयों की पढ़ाई के लिए अन्य किसी विद्यालय में जाने की आवश्यकता नहीं होगी। छात्राएं स्थानीय विद्यालय में ही रहकर इन विषयों का अध्ययन कर सकेंगी और साथ ही सरकारी योजनाओं व पीएमश्री विद्यालयों की सभी शैक्षणिक सुविधाओं का भी लाभ ले सकेंगी। प्रधानाचार्या ने बताया कि कक्षा नर्सरी से लेकर 12वीं तक की प्रवेश प्रक्रिया विद्यालय में जारी है और इच्छुक अभिभावक अपनी बालिकाओं का नामांकन करवा सकते हैं। बालिकाओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, बालिका सुरक्षा, स्वच्छता, डिजिटल लर्निंग, व स्मार्ट क्लास जैसी सुविधाएं भी स्कूल में उपलब्ध हैं। स्थानीय लोगों ने सरकार और शिक्षा विभाग के इस निर्णय का स्वागत करते हुए कहा कि इससे बेटियों की शिक्षा को बढ़ावा मिलेगा और उन्हें अपने ही क्षेत्र में बेहतर विषय विकल्पों के साथ आगे बढ़ने का अवसर मिलेगा।

# इग्नू पाठ्यक्रमों में प्रवेश की अंतिम तिथि 15 जुलाई, ऑन लाइन आवेदन जारी

**वॉइस ऑफ प्रतिज्ञा अलवर**

इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) के विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। अलवर स्थित आरआर कॉलेज में संचालित इग्नू अध्ययन केंद्र के समन्वयक प्रो. विजय सिंह यादव ने बताया कि विश्वविद्यालय द्वारा संचालित डिग्री, डिप्लोमा व सर्टिफिकेट पाठ्यक्रमों के लिए फ्रेश व रि-रजिस्ट्रेशन दोनों प्रकार के आवेदन ऑनलाइन माध्यम से किए जा सकते हैं। प्रवेश प्रक्रिया इग्नू की आधिकारिक वेबसाइट पर जारी एडमिशन पोर्टल के माध्यम से संचालित की जा रही है। इच्छुक अभ्यर्थी इग्नू की वेबसाइट पर जाकर आवश्यक दस्तावेजों के साथ अपना पंजीकरण कर सकते हैं। नए प्रवेश के लिए अंतिम तिथि 15 जुलाई निर्धारित की गई है। प्रो. यादव ने बताया कि इग्नू के माध्यम से छात्र-छात्राएं घर बैठे उच्च शिक्षा प्राप्त कर सकते हैं। इग्नू द्वारा दिए जाने वाले कोर्स व्यावसायिक और रोजगारोन्मुखी होते हैं। विश्वविद्यालय की मान्यता यूजीसी, एआईसीटीई सहित अन्य प्रमुख संस्थाओं से है, जिससे इसकी डिग्री देशभर में मान्य है। उन्होंने बताया कि समय पर रजिस्ट्रेशन करवाकर विद्यार्थी अपनी पढ़ाई में कोई रुकावट नहीं आने दे सकते। साथ ही उन्होंने अपील की कि जो विद्यार्थी पहले से पंजीकृत हैं, वे समय रहते रि-रजिस्ट्रेशन करवा लें ताकि परीक्षा और अध्ययन सामग्री प्राप्त करने में देरी न हो। इग्नू की यह पहल उन विद्यार्थियों के लिए बेहद उपयोगी है जो किसी कारणवश नियमित शिक्षा से वंचित रह जाते हैं या नौकरी व अन्य कारणों से नियमित कक्षाओं में भाग नहीं ले पाते। ऐसे में ओपन लर्निंग के माध्यम से वे अपनी शिक्षा को जारी रख सकते हैं। अधिक जानकारी व आवेदन के लिए इच्छुक विद्यार्थी www.ignou.ac.in वेबसाइट पर विजिट कर सकते हैं।

# मुख्यमंत्री ने गिनाईं कोटपूतली-बहरोड़ की विकास उपलब्धियां, जनसभा में उमड़ा जनसैलाब

**वॉइस ऑफ प्रतिज्ञा कोटपूतली**





मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने शुक्रवार को बानसूर उपखण्ड के ग्राम गिरूड़ी में आयोजित पं. दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा शिविर का अवलोकन किया और लाभार्थियों को सम्मानित किया। इस दौरान विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कोटपूतली-बहरोड़ को प्रदेश का सर्वश्रेष्ठ जिला बताया और कहा कि यह जिला औद्योगिक, कृषि और भौगोलिक दृष्टि से राज्य व देश की राजधानी को जोड़ने वाला प्रमुख जिला है। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार ने इस नवगठित जिले के विकास के लिए रिकॉर्ड 4500 करोड़ रुपये से अधिक की राशि स्वीकृत की है। मुख्यमंत्री ने जिले की विकास योजनाओं की जानकारी देते हुए बताया कि नीमराणा औद्योगिक क्षेत्र देश-विदेश के निवेशकों की पहली पसंद बन चुका है। यहां के हजारों उद्योग स्थानीय युवाओं को रोजगार दे रहे हैं और प्रदेश की अर्थव्यवस्था को मजबूती दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने डेढ़ साल में विकास के जितने कार्य किए हैं, उतने पिछले पांच सालों में भी नहीं हो पाए। मुख्यमंत्री ने जिले के लिए 4102 करोड़ रुपये के बजट प्रावधान की घोषणा की। इसके तहत बानसूर क्षेत्र में अनेक सड़कों, अस्पतालों और नगरीय निकायों के उन्नयन की योजनाओं को गति दी जा रही है। नारायणपुर को नगर पालिका का दर्जा देने, सीएचसी में बैड की संख्या बढ़ाने, एमडीआर-50, हरसौरा-छिपारी सड़क, अजबपुरा-चांदपुरी सड़क सहित अनेक परियोजनाओं की जानकारी दी गई। शर्मा ने कहा कि अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति के उत्थान के लिए सरकार पं. दीनदयाल उपाध्याय और डॉ. भीमराव अंबेडकर की सोच को आत्मसात करते हुए कार्य कर रही है। उन्होंने शिविरों के माध्यम से भूमि विवादों के समाधान, पशुपालकों को बीमा और चिकित्सा लाभ, गरीबों को खाद्य सुरक्षा, स्वास्थ्य सेवाएं और नल कनेक्शन जैसी सुविधाएं प्रदान करने की जानकारी दी। मुख्यमंत्री ने बताया कि इन शिविरों में वर्षों से लंबित मामले निपटाए जा रहे हैं। कोलाहेडा, महतावास और चिमनपुरा में वर्षों पुराने भूमि विवादों का समाधान शिविर में ही हुआ। उन्होंने डेढ़ वर्ष में 32 हजार फार्म पौंड निर्माण और 253 लाख मीटर तारबंदी पर अनुदान, विद्युत उत्पादन में 4270 मेगावाट की वृद्धि, 142 कॉलेज भवनों का निर्माण और 1381 गांवों को सड़कों से जोड़ने की उपलब्धियों का उल्लेख किया। कार्यक्रम में विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को चेक और प्रमाण पत्र वितरित किए गए। साथ ही मुख्यमंत्री ने पीपल का पौधा लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री का 51 किलो की माला पहनाकर अभिनंदन किया गया। जनसभा में बानसूर विधायक देवीसिंह शेखावत, कोटपूतली विधायक हंसराज पटेल, बहरोड़ विधायक डॉ. जसवंत यादव, विराटनगर विधायक कुलदीप धनकड़ सहित कई जनप्रतिनिधि, अधिकारी और बड़ी संख्या में आमजन मौजूद रहे।

# 40 साल पुराने बांध को जेसीबी से तोड़ा, ग्रामीणों ने उठाई भूमाफियाओं से मिलीभगत की आशंका

**वॉइस ऑफ प्रतिज्ञा बहरोड़**



मांढण थाना क्षेत्र के कुतीना गांव में सिंचाई विभाग के करीब 40 साल पुराने बांध को जेसीबी से तोड़ अवैध रास्ता बना दिए जाने का मामला सामने आया है। ग्रामीणों ने इस घटना को साजिशन बताते हुए कुछ लोगों पर भूमाफियाओं से मिलीभगत का आरोप लगाया है। घटना बुधवार रात करीब 11 से 12 बजे के बीच की बताई जा रही है, जब अंधेरे का फायदा उठाकर बांध की पाल को जेसीबी से क्षतिग्रस्त किया गया। घटना की जानकारी गुरुवार को ग्रामीण भवानी प्रसाद, घनश्याम शर्मा और विजय कुमार शर्मा ने नीमराना तहसीलदार दिनेश कुमार को लिखित शिकायत देकर दी। शिकायत में बताया गया कि कुछ प्रभावशाली लोगों ने जानबूझकर सिंचाई के इस बांध को नुकसान पहुंचाया और खेतों के बीच से अवैध रास्ता निकाल लिया। ग्रामीणों ने बताया कि यह बांध वर्षों से सिंचाई का मुख्य साधन रहा है और इसके आसपास की ज़मीन उनकी पुश्तैनी कृषि भूमि है, जिससे होकर रास्ता निकालना पूरी तरह गैरकानूनी है। ग्रामीणों के विरोध पर आरोपियों ने साफ शब्दों में कहा कि "रास्ता बन चुका है, अब कुछ नहीं हो सकता।" इस प्रकार की बयानबाजी से ग्रामीणों में आक्रोश फैल गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए तहसीलदार ने हल्का पटवारी कुतीना, विकास यादव को मौके पर जाकर जांच के निर्देश दिए। पटवारी विकास यादव ने गुरुवार शाम को मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया। मौके पर ग्राम पंचायत सरपंच सहित कई ग्रामीण उपस्थित थे। यादव ने बताया कि बांध तोड़ने वाले व्यक्ति ने अब बांध की मरम्मत कराने का भरोसा दिलाया है और आज के दिन पूरी पाल की मरम्मत कर दिए जाने की बात कही गई है। साथ ही तहसीलदार ने तीन दिन के भीतर पूरी जांच रिपोर्ट प्रस्तुत करने का आदेश दिया है। ग्रामीणों की मांग है कि इस प्रकरण की निष्पक्ष जांच हो और दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए, ताकि सिंचाई व्यवस्था से जुड़े ऐसे संरचनात्मक संसाधनों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके और भविष्य में इस प्रकार की घटनाएं दोबारा न हों। ग्रामीणों का कहना है कि यदि प्रशासन इस मामले में ठोस कार्रवाई नहीं करता, तो वे आंदोलन के लिए विवश होंगे।

# बाबा भैंरूनाथ वृद्ध आश्रम का शुभारम्भ रविवार को, समिति की बैठक सम्पन्न



**वॉइस ऑफ प्रतिज्ञा कोटपूतली**

निकटवर्ती ग्राम दादूका-राजनौता में बाबा भैंरूनाथ वृद्ध आश्रम समिति की बैठक शुक्रवार को श्री श्री 1008 जानकीदास महाराज की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में आश्रम से जुड़े विभिन्न तैयारियों पर चर्चा की गई और शुभारम्भ कार्यक्रम की रूपरेखा तय की गई। समिति के संयोजक एवं संस्थापक बाबूलाल सैनी ने जानकारी दी कि वृद्ध आश्रम का विधिवत शुभारम्भ रविवार, 06 जुलाई को किया जाएगा। कार्यक्रम की शुरुआत रविवार प्रातः 09.15 बजे हवन से होगी, इसके बाद दोपहर 12.15 बजे आश्रम का उद्घाटन तथा दोपहर 01.15 बजे प्रसादी वितरण किया जाएगा। शुभारम्भ समारोह धार्मिक विधि-विधान के साथ विभिन्न संतों और महंतों के कर-कमलों से सम्पन्न होगा। इसमें भोमियां बाबा मंदिर के महंत श्री श्री 1008 जानकी दास महाराज, आंतेला के लीलका धाम मंदिर के महंत श्री श्री 1008 मोहनदास महाराज, टोरड़ा गुजरान मंदिर के महंत श्री श्री 108 मंगलदास महाराज, प्रागपुरा नृसिंह मंदिर के महंत श्री श्री 108 मणीराम दास महाराज तथा धाराजी त्रिवेणी धाम स्थित प्राचीन रामलला आश्रम के महंत श्री श्री 108 गंगादास महाराज की गरिमामयी उपस्थिति रहेगी। कार्यक्रम के आयोजन को लेकर क्षेत्र में उत्साह का माहौल है। बैठक में सैनी समाज के विभिन्न गणमान्य लोग उपस्थित रहे जिनमें सैनी महासभा जिलाध्यक्ष बबलू बबेरवाल, जवाहरलाल सैनी, पूरणमल सैनी, रामस्वरूप सैनी, भैयाराम सैनी, रामावतार सैनी, गंगाराम सैनी, रामरतन सैनी, प्रहलाद सैनी, मालचंद बबेरवाल, मामराज लखेरा, विजय सैनी, जितेंद्र सैनी एवं संजय दैया आदि शामिल थे। समिति ने आश्रम के संचालन को लेकर सेवा, सहयोग और सद्भाव पर आधारित भावी कार्ययोजना पर भी विचार किया।

# दुबई की पोशाक पहनकर इंद्र विमान से जानकी को ब्याहने रूपबास पहुंचे भगवान जगन्नाथ



**वॉइस ऑफ प्रतिज्ञा अलवर**

भगवान जगन्नाथ शुक्रवार देर रात दुबई से मंगवाई गई पोशाक और इत्र धारण कर रंग-बिरंगी रोशनी से सजे इंद्र विमान में सवार होकर जानकी को ब्याहने रूपबास स्थित रूपहरि मंदिर पहुंचे। इस भव्य धार्मिक आयोजन में श्रद्धालु बाराती के रूप में शामिल हुए और पूरे मार्ग में भक्ति का उल्लास देखने को मिला। शाम 7.50 बजे भगवान जगन्नाथ सुभाष चौक स्थित मंदिर से इंद्र विमान में सवार होकर वर यात्रा पर निकले। रूपबास के लिए निकली इस रथयात्रा में हजारों श्रद्धालु भक्ति के रंग में रंगे नज़र आए। यात्रा का नेतृत्व रथ के सारथी प्रदीप शर्मा ने किया। यात्रा में शिव अघोरी नृत्य, करतब दिखाते पट्टेबाज, हरियाणा के पलवल का बमरसिया, बीन पार्टी और पंजाब के बठिंडा की बैगपाइप बैंड प्रमुख आकर्षण रहे। रथयात्रा में 4 घोड़े, 2 ऊंट, ऊंट गाड़ी, निशान, बैंड, शहनाई, नासिक ढोल, ताशा पार्टी, 5 सदस्यीय शंखवादक दल, 6 सदस्यीय छड़ी बल्लम दल, धर्म ध्वजा, 21 सदस्यीय घड़ियाल पार्टी, और इत्र वर्षा के साथ-साथ इस्कॉन मंडली के हरे कृष्णा भजनों ने वातावरण को भक्तिमय बना दिया। विभिन्न संस्थानों द्वारा रामदरबार, शिव-हनुमान, शिव-पार्वती जैसी झांकियों ने भी लोगों को आकर्षित किया। रथ के गुजरते ही मार्ग के दोनों ओर श्रद्धालु भगवान जगन्नाथ के दर्शन के लिए खड़े नजर आए। यात्रा के मार्ग में आने वाले मंदिरों के पुजारियों ने आरती उतारी। पूरे मार्ग में होपसर्कस से लेकर सराफा बाजार तक भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी। ड्रोन से पुष्प वर्षा भी की गई। रथ रवाना होने से पूर्व कलेक्टर आर्तिका शुक्ला ने गोलक और रथ पूजन किया। इस अवसर पर एसपी संजीव नैन, एएसपी डॉ. तेजपाल सिंह, पूर्व महापौर घनश्याम गुर्जर भी उपस्थित रहे। मंदिर के महंतों द्वारा भगवान जगन्नाथ को विधिवत रथ में विराजमान कराया गया, वहीं पुलिस ने गार्ड ऑफ ऑनर देकर भक्ति व श्रद्धा का सम्मान किया। अलवर की मान्यता के अनुसार, जिस दिन भगवान का काला मुख बाहर निकले उस दिन वर्षा होती है। इस परंपरा के अनुसार शुक्रवार को रथयात्रा से पूर्व शहर में बूंदाबांदी भी हुई, जिसे शुभ संकेत माना गया। शनिवार को वरमाला का आयोजन होगा और भगवान जगन्नाथ का जानकी के साथ पावन विवाह सम्पन्न होगा। वहीं, रूपबास में आज से भव्य मेले की शुरुआत होगी जिसमें दूर-दराज़ से श्रद्धालु जुटेंगे।

## डबल फाटक के पास सड़क हादसे में युवक की मौत, अज्ञात वाहन चालक फरार

**वॉइस ऑफ प्रतिज्ञा अलवर**

शिवाजी पार्क थाना क्षेत्र के राठ नगर स्थित डबल फाटक के पास गुरुवार रात एक दर्दनाक सड़क हादसे में 28 वर्षीय युवक मंजीत जांगिड़ की मौत हो गई। मंजीत को एक अज्ञात वाहन ने रात करीब 11 बजे टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों ने घटना की जानकारी पुलिस को दी और परिजनों ने उसे तत्काल सामान्य अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मंजीत अपने माता-पिता का इकलौता बेटा था और दो बहनों का भाई था। वह मूल रूप से हरियाणा के बावल थाना क्षेत्र के मुरार गांव का रहने वाला था, लेकिन वर्तमान में अलवर के राठ नगर में अर्जुन सिंह के मकान में किराए पर रहकर पिता के साथ खाती का काम करता था। शिवाजी पार्क थाना पुलिस ने बताया कि मंजीत रात को पैदल घूमकर अपने कमरे की ओर लौट रहा था, तभी डबल फाटक के पास किसी अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी। हादसे के बाद चालक वाहन लेकर मौके से फरार हो गया। पुलिस ने मृतक के शव का पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया है और अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। इस दुर्घटना से मृतक के परिवार में गहरा शोक छा गया है। परिजनों के अनुसार मंजीत मेहनती और जिम्मेदार बेटा था, जो अपने पिता के साथ रोजी-रोटी में हाथ बंटा रहा था।

# पारासर धाम की पहाड़ी से गिरने से युवक की मौत, घूमने आया था दौसा से



**वॉइस ऑफ प्रतिज्ञा गोलाकाबास**

टहला थाना क्षेत्र स्थित प्रसिद्ध पर्यटन स्थल पाराशर ऋषि धाम पर शनिवार को एक दर्दनाक हादसा हो गया। झरने की पहाड़ी से गिरने के कारण दौसा जिले के एक युवक की मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही टहला पुलिस मौके पर पहुंची और ग्रामीणों की मदद से शव को कब्जे में लेकर सीएचसी भिजवाया। मृतक की पहचान दौसा जिले के गांव खोहरा खुर्द, थाना कोलवा निवासी 30 वर्षीय जबूरा प्रजापत पुत्र प्रभुदयाल प्रजापत के रूप में हुई है। युवक पारासर धाम पर घूमने आया था और झरने के पास स्थित पहाड़ी पर चढ़ गया था। इसी दौरान संतुलन बिगड़ने से वह नीचे गिर गया, जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव को टहला के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाकर पोस्टमार्टम करवाया और बाद में परिजनों को सौंप दिया। पुलिस के अनुसार अब तक मृतक के परिजनों की ओर से कोई लिखित रिपोर्ट नहीं दी गई है। स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि पारासर धाम पर प्रतिवर्ष बड़ी संख्या में पर्यटक और श्रद्धालु पहुंचते हैं। खासकर बरसात के मौसम में यहां का झरना लोगों को आकर्षित करता है, लेकिन बारिश के दौरान यह क्षेत्र अत्यंत खतरनाक हो जाता है। लोग पहाड़ी की चोटी और झरने के करीब जाने की कोशिश करते हैं, जिससे ऐसे हादसे अक्सर सामने आते हैं। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि पहाड़ी और झरने वाले हिस्सों में चेतावनी बोर्ड लगाए जाएं और सुरक्षा के लिए बैरिकेडिंग की जाए, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं को रोका जा सके। पुलिस ने भी लोगों से अपील की है कि बारिश के मौसम में ऐसे स्थानों पर जाते समय अतिरिक्त सावधानी बरतें और जोखिम न लें।

# आंकड़ों की बाजीगरी से हवाई सपना दिखा उड़ गए सीएमः टीकाराम जूली का कटाक्ष

**वॉइस ऑफ प्रतिज्ञा अलवर**

नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के तिजारा व खैरथल दौरे के दौरान दिए गए भाषणों पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री आंकड़ों की बाजीगरी से विकास के हवाई सपने दिखाकर हवा में उड़ गए, जबकि धरातल की सच्चाई कुछ और ही है। जूली ने कहा कि सरकार की ओर से लगाए जा रहे शिविरों में केवल पट्टे बांटने का काम किया जा रहा है और इस प्रक्रिया में मलाई खाई जा रही है। प्रदेश का किसान बिजली और पानी की समस्या से परेशान है, लेकिन सरकार केवल प्रचार में व्यस्त है। पूर्व मंत्री जूली ने कहा कि मुख्यमंत्री हर मंच से ईआरसीपी (पूर्वी राजस्थान नहर परियोजना) की बात करते हैं, लेकिन आज तक इस योजना का जिन्न बोतल से बाहर नहीं आया है। उन्होंने सवाल उठाया कि खैरथल को जिला बनाए जाने की घोषणा को कई महीने हो चुके हैं, लेकिन अब तक वहां न तो कलेक्टर ऑफिस खुला और न ही एसपी कार्यालय की शुरुआत हुई है। उन्होंने मुख्यमंत्री पर भिवाड़ी को 'क्लीन ग्रीन सिटी' कहकर लोगों को भ्रमित करने का आरोप लगाते हुए कहा कि हाल ही में हुई बारिश के बाद की स्थिति को देखकर खुद ही अंदाजा लगाया जा सकता है कि शहर की हकीकत क्या है। गंदगी, जलभराव और अव्यवस्था से लोग त्रस्त हैं, लेकिन सरकार जमीनी हकीकत से मुंह मोड़े हुए है। टीकाराम जूली ने अवैध खनन और बजरी माफिया को लेकर भी गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि भाजपा शासन में माफियाओं के हौसले इतने बुलंद हो गए हैं कि वे अधिकारियों तक को कुचलने की कोशिश कर रहे हैं। माफिया बेखौफ हैं और शासन-प्रशासन मूक दर्शक बना बैठा है। उन्होंने दावा किया कि पूरे राजस्थान में कानून व्यवस्था पूरी तरह से बिगड़ चुकी है। आमजन असुरक्षित महसूस कर रहा है और अपराधियों के हौसले बुलंद हैं। जूली ने कहा कि जनहित की बजाय आंकड़ों के जरिए दिखावा करना सरकार की नीति बन चुकी है, लेकिन जनता अब इन जुमलों से गुमराह नहीं होने वाली।

# बाथरूम में फंदे पर मिली महिला की बॉडी, भाई बोला-जीजा का अफेयर, गर्लफ्रेंड को कार-शॉप दी

**वॉइस ऑफ प्रतिज्ञा बाड़मेर**

बाड़मेर में घर के बाथरूम में महिला की बॉडी फंदे पर लटकी मिली। पीहर वालों ने पति-जेठ पर मर्डर कर शव फंदे से लटकाने के आरोप लगाए हैं। ये भी कहा है कि पति के किसी महिला से अवैध संबंध हैं, इसी वजह से हत्या की गई है। घटना शहर के रीको थाना इलाके के बलदेवनगर में गुरुवार दोपहर करीब 2 बजे हुई। शुक्रवार दोपहर तक बाड़मेर जिला हॉस्पिटल की मॉर्च्युरी के बाहर परिजन धरने पर हैं।



### बच्चे स्कूल गए थे, बाथरूम में फंदे पर मिली

डीएसपी रमेश कुमार शर्मा ने बताया- गुरुवार दोपहर 3 बजे रीको थाना पुलिस को सूचना मिली कि बलदेव नगर में रहने वाले हार्डवेयर दुकानदार मुकनाराम की पत्नी कमला (34) ने बाथरूम की जाली में फंदा लगाकर सुसाइड कर लिया है। रीका थाना इंचार्ज मनोज पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। घटना के वक्त पति मुकनाराम घर पर था। उसकी 10 साल की बेटी और 8 साल का बेटा स्कूल गए हुए थे। मौके पर एफएसएल टीम को बुलाया। साक्ष्य जुटाए और शव को जिला हॉस्पिटल की मॉर्च्युरी में रखवाया। मॉर्च्युरी के बाहर धरने पर बैठे कमला के भाई हीराराम ने बताया- 13 साल पहले बहन कमला की शादी मुकनाराम से की थी। मुकनाराम की सिणधरी सर्किल (बाड़मेर) पर हार्डवेयर की दुकान है। उसका भाई ठाकराराम प्रॉपर्टी डीलर है। उसका सिणधरी रोड पर मार्ट है, जिसमें करीब 100 दुकानें हैं। 2 साल से मुकनाराम का किसी महिला से अवैध संबंध चल रहा है। उस महिला को आरोपियों ने एक कार और मार्ट में दुकान भी गिफ्ट कर रखी है। घर का कामकाज कमला करती और मुकनाराम दिन रात अपनी प्रेमिका के साथ घूमता फिरता। इसका विरोध करने पर मुकनाराम और ठाकराराम मेरी बहन के साथ लगातार मारपीट करते थे। मेरी बहन ने मुझे सब कुछ बताया था। उन लोगों ने उसका मर्डर कर फंदे से लटका दिया। दो महीने पहले जब बहन को पीटा था तब मैं शिकायत करने इनके घर गया था। वहां मेरे साथ भी मारपीट की। बहन को इतना पीटा था कि वह बेहोश हो गई थी। वह बात करने की स्थिति में नहीं थी। मेरी दुकान इनके मकान के पास ही है। उन्होंने मुझे धमकी दी कि दुकान पर आना है तो जुबान बंद रखना। जैसा कहते हैं वैसा करो। वरना मार डालेंगे। तुम हमारा कुछ नहीं बिगाड़ पाओगे। मैंने वहां से दुकान छोड़ दी और दूसरी जगह काम धंधा करने लगा। बहन ने मुझे कुछ फोटो दिए। इनमें आरोपियों के टॉर्चर की हद दिखती है। उसके शरीर पर चोट के कई निशान हैं। धरने पर बैठे कमला के रिश्तेदार नरसीराम ने कहा- मुकनाराम और ठाकराराम राक्षस प्रवृति के लोग हैं। एक किसान की बेटी को उन्होंने मार डाला। दो साल से वे लगातार कमला को टॉर्चर कर रहे थे। कमला ने अवैध संबंधों को लेकर विरोध किया तो उसने यातनाएं देना शुरू कर दिया। उसने पाइप से पीटा जाता था। घर में कैद करके रखा जाता था। बात-बात पर मारपीट की जाती थी। वह पीहर आई तब उसका इलाज कराया था। हमने उसे ससुराल भेजने से इनकार कर दिया था। तब मुकनाराम और ठाकराराम समाज के लोगों को जुटाकर लाए और दोबारा परेशान न करने का वादा कर कमला को साथ ले गए। इसके बाद घर में कैद कर उसे लगातार 5 दिन तक टॉर्चर किया। 5 दिन पहले ही कमला ने अपने मामा को फोन किया था। बताया था कि हालत बहुत खराब है। मामा ने घर आ जाने को कहा तो बोली कि हिम्मत ही नहीं है। कल सूचना मिली की उसकी बॉडी बाथरूम में मिली है। कमला की हत्या कर उसे आत्महत्या का रूप दिया जा रहा है। कमला की कुछ फोटो उसके भाई हीराराम के पास हैं।

## धौलपुर के आदर्श नगर में अवैध शराब के खिलाफ कार्रवाई

**वॉइस ऑफ प्रतिज्ञा धौलपुर**

धौलपुर शहर के सदर थाना क्षेत्र के आदर्श नगर गांव में दबिश की कार्रवाई की। शराब के खिलाफ की गई कार्रवाई सीओ सिटी मुनेश कुमार मीणा के सुपरविजन में हुई। आबकारी की राहुल खंडेलवाल और सदर थाने के कार्यवाहक थाना प्रभारी गिरवर सिंह के साथ की गई कार्रवाई में गांव में देशी कच्ची शराब की 15 से ज्यादा भट्टियों को तोड़ा। इस दौरान पुलिस ने 3500 लीटर कच्ची वॉश को नष्ट कराया। एएसआई गिरवर सिंह ने बताया कि गांव में अवैध शराब कारोबारियों ने खेतों के साथ घरों में कच्ची भट्टियां बना रखी थी, जिसमें बड़े पैमाने पर अवैध शराब बनाने की तैयारी चल रही थी। उन्होंने बताया कि मुखबिर से मिली सूचना के बाद शुक्रवार को आबकारी पुलिस के साथ संयुक्त ऑपरेशन शुरू किया गया। इस ऑपरेशन के तहत पुलिस ने भारी मात्रा में अवैध शराब की कच्ची वॉश को नष्ट कराने के साथ 15 से ज्यादा भट्टियों को तोड़ा है। एएसआई ने बताया कि इस दौरान आबकारी विभाग द्वारा कच्ची शराब भी जब्त की गई। जिसको लेकर आबकारी थाने में मामला दर्ज किया जाएगा। पुलिस की रेड के बाद अवैध शराब बनाने वाले कई आरोपी भाग निकले थे, जिनकी तलाश की जा रही है।

## हनुमानगढ़ पुलिस को मिलीं 15 नई बोलेरो, थानों और विशेष इकाइयों में होंगी तैनात

**वॉइस ऑफ प्रतिज्ञा हनुमानगढ़**

हनुमानगढ़ पुलिस को पुलिस मुख्यालय जयपुर से 15 नई बोलेरो गाड़ियां प्राप्त हुई हैं। पुलिस अधीक्षक हरी शंकर ने शुक्रवार को एसपी कार्यालय परिसर से इन वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इन 15 बोलेरो में से 10 वाहन विभिन्न थानों को आवंटित किए गए हैं। इनमें टाउन, पल्लू, फेफाना, भिरानी, सिंचाई थाना, तलवाड़ा झील, गोगामेड़ी, यातायात शाखा और चेतक ड्यूटी के लिए वाहन शामिल हैं।

## अवैध शराब के खिलाफ कार्रवाई, 80 लीटर हथकढ़ शराब जब्त

**वॉइस ऑफ प्रतिज्ञा हनुमानगढ़**



हनुमानगढ़ में आबकारी विभाग ने अवैध शराब के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। आबकारी आयुक्त राजस्थान उदयपुर और जिला कलेक्टर के निर्देश पर यह अभियान चलाया गया। जिला आबकारी अधिकारी के नेतृत्व में शुक्रवार को गांव गंगागढ़ के गंगाघाट, देबूघाट और घग्घर नाली में संयुक्त रेड की गई। टीम ने 8500 लीटर लाहन और 12 कच्ची भट्टियां नष्ट कीं। इस दौरान 80 लीटर हथकढ़ शराब भी बरामद की गई। विभाग ने इस मामले में दो अभियोग दर्ज किए हैं। जिला आबकारी अधिकारी संजीव पटावरी ने बताया कि अवैध हथकढ़ शराब की कशीदगी और बिक्री रोकने के लिए लगातार रेड की जा रही हैं। इस वित्तीय वर्ष में विभाग ने कुल 161 अभियोग दर्ज किए हैं। न्यायालय के आदेश पर 4 अभियोगों का 7123 बल्क लीटर मालखाना पीलीबंगा थाना परिसर में नष्ट किया गया। कार्रवाई में आबकारी निरोधक दल भादरा, संगरिया और हनुमानगढ़ के प्रहराधिकारी तथा आबकारी निरीक्षक मौजूद रहे।

## पलथान में युवक ने किया सुसाइड, पेड़ से लटका मिला शव

**वॉइस ऑफ प्रतिज्ञा प्रतापगढ़**



प्रतापगढ़ के रठाजना थाना क्षेत्र के पलथान गांव में एक युवक ने फंदा लगाकर सुसाइड कर लिया। शुक्रवार सुबह गांव के पास चरनोट की जमीन में एक बबूल के पेड़ से शव लटका मिला। पलथान निवासी शंकरलाल मीणा (25) गुरुवार को ही चित्तौड़गढ़ से गांव लौटा था। चित्तौड़गढ़ में वह अपनी पत्नी के साथ मजदूरी का काम करता था। गुरुवार शाम को वह घर नहीं लौटा। परिजनों ने रातभर उसकी तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। शुक्रवार सुबह करीब 6 बजे उसका शव घर से आधा किलोमीटर दूर मिला। परिजनों ने तुरंत रठाजना थाना पुलिस को सूचित किया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को परिजनों की मौजूदगी में जिला अस्पताल भेजा। मृतक के भाई सत्यनारायण ने मॉर्च्युरी में घटना की रिपोर्ट दर्ज कराई। जांच अधिकारी वासुदेव पालीवाल के अनुसार प्रथम दृष्टया यह आत्महत्या का मामला लग रहा है। शव का पोस्टमॉर्टम करने के बाद परिजनों को सौंप दिया गया है। शंकरलाल विवाहित था और उसकी एक तीन वर्षीय पुत्री है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## स्टेट रिव्यू मिशन के तहत प्रमुख शासन सचिव ने उदयपुर में किया स्वास्थ्य केंद्रों का निरीक्षण

**वॉइस ऑफ प्रतिज्ञा उदयपुर**




चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की प्रमुख शासन सचिव गायत्री राठौड़ स्टेट रिव्यू मिशन के तहत शुक्रवार को उदयपुर पहुंचीं, जहां उन्होंने स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति का जायजा लिया। उनके साथ राज्य स्तर से आई 10 टीमें भी जिले के विभिन्न चिकित्सा संस्थानों के निरीक्षण के लिए मौजूद रहीं। राठौड़ ने सबसे पहले सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नाई का निरीक्षण किया। उनके साथ संयुक्त निदेशक डॉ. प्रकाश चंद्र शर्मा, उपनिदेशक डॉ. पंकज गौड़, सीएमएचओ डॉ. अशोक आदित्य, उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. विक्रम सिंह, आरसीएचओ डॉ. राकेश गुप्ता और डीपीएम सदाकत अहमद मौजूद रहे। सीएचसी प्रभारी डॉ. मीठा लाल मीणा ने टीम का स्वागत कर उन्हें अस्पताल का भ्रमण कराया। प्रमुख शासन सचिव ने ओपीडी, डीडीसी, जनरल वार्ड, महिला प्रसव वार्ड और ऑपरेशन थिएटर का निरीक्षण किया। उन्होंने लेबर रूम और अस्पताल परिसर की साफ-सफाई की सराहना की और मरीजों से सीधा संवाद कर उन्हें मिल रही स्वास्थ्य सेवाओं और सरकार की फ्लैगशिप योजनाओं के बारे में जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान उन्होंने मुफ्त दवा और जांच योजनाओं की उपलब्धता का भी अवलोकन किया। इसके बाद वे झाड़ोल क्षेत्र के आयुष्मान आरोग्य मंदिर उप स्वास्थ्य केंद्र मगवास पहुंचीं, जहां सीएचओ और एएनएम से योजनाओं की प्रगति पर चर्चा की। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फलासिया में निरीक्षण के दौरान उन्होंने व्यवस्थाओं पर संतोष जताया, जबकि कोटड़ा सीएचसी में साफ-सफाई और कुछ अव्यवस्थाओं पर नाराजगी जाहिर करते हुए सुधार के निर्देश दिए। सीएमएचओ डॉ. अशोक आदित्य ने बताया कि राज्य स्तर से आई सभी 10 टीमों ने जिले के विभिन्न क्षेत्रों में जाकर संस्थानों की चेकलिस्ट के आधार पर गहन निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि 5 जुलाई को जिला परिषद सभागार में समीक्षा बैठक आयोजित की जाएगी, जिसमें जिला और खंड स्तर के अधिकारी भाग लेंगे। इस बैठक में निरीक्षण के दौरान सामने आई स्थितियों पर चर्चा कर आवश्यक सुधारात्मक कदम तय किए जाएंगे।

## निहालोठ में 5 जुलाई को होगा विशाल सम्मान समारोह, स्व. राव श्योचंद राम को दी जाएगी श्रद्धांजलि

**वॉइस ऑफ प्रतिज्ञा बुहाना**

निहालोठ गांव में 5 जुलाई को स्व. राव श्योचंद राम की तृतीय पुण्यतिथि पर भव्य श्रद्धांजलि एवं सम्मान समारोह का आयोजन राव श्योचंद राम मेमोरियल चैरिटेबल ट्रस्ट के सौजन्य से किया जाएगा। इस अवसर पर अनेक सामाजिक, शैक्षिक एवं स्वास्थ्य संबंधी गतिविधियां आयोजित होंगी। कार्यक्रम संयोजक डॉ. उमराव सिंह यादव एडवोकेट ने बताया कि कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातः 9.15 बजे हवन से होगा, इसके पश्चात योगाचार्य ढाका राम द्वारा योग सत्र आयोजित किया जाएगा। समारोह के प्रथम सत्र के मुख्य अतिथि झुंझुनू जिला कलेक्टर अरुण गर्ग होंगे तथा अध्यक्षता हरफूल सिंह यादव (आईएएस) करेंगे। पूर्व सेशन जज राकेश कुमार विशेष अतिथि रहेंगे। द्वितीय सत्र के मुख्य अतिथि सूरजगढ़ विधायक श्रवण कुमार होंगे जबकि अध्यक्षता डॉ. हरिसिंह गोदारा करेंगे। समारोह में गांधी पीस फाउंडेशन नेपाल के अध्यक्ष डॉ. लाल बहादुर राणा की उपस्थिति में विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान देने वाले 26 व्यक्तियों को डॉक्टरेट की मानद उपाधि से विभूषित किया जाएगा। इस अवसर पर मिश्री देवी आई हॉस्पिटल बहरोड़, नोबल शिक्षण समूह, पतंजलि विश्वविद्यालय, सिंघानिया विश्वविद्यालय, राजस्थान स्कूल कोटपूतली, आईना समाचार पत्र और अन्य संस्थानों से जुड़े विशिष्ट अतिथि समारोह की शोभा बढ़ाएंगे। स्वास्थ्य सेवा को समर्पित इस आयोजन में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर, निशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर तथा निशुल्क दंत चिकित्सा शिविर का आयोजन भी किया जाएगा। साथ ही, छात्रवृत्ति वितरण, प्रतिभा सम्मान एवं स्मारिका विमोचन जैसे कार्यक्रम भी रखे गए हैं। इस अवसर पर क्षेत्र के ऐसे विद्यार्थियों को, जिन्होंने 10वीं और 12वीं बोर्ड परीक्षाओं में 95% या उससे अधिक अंक प्राप्त किए हैं, सम्मानित किया जाएगा। समारोह में बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता, शिक्षाविद एवं गणमान्य नागरिक शामिल होंगे। आयोजन को लेकर क्षेत्र में उत्साह का माहौल है।



## कंटेनर की टक्कर से ट्रैक्टर-ट्रॉली पलटी, ड्राइवर की मौत

**वॉइस ऑफ प्रतिज्ञा भीलवाड़ा**

एक कंटेनर की टक्कर से ट्रैक्टर ट्रॉली पलट गई। हादसे में ट्रैक्टर ड्राइवर की मौत हो गई ओर कंटेनर ड्राइवर सहित दो लोग घायल हुए हैं। हादसा भीलवाड़ा-अजमेर नेशनल हाईवे 48 पर गुलाबपुरा थाना क्षेत्र के सरेरी के पास लिरडिया खेड़ा ओवरब्रिज पर हुआ। ट्रॉली में पत्थर के टुकड़े भरे थे, जो हादसे के बाद सड़क पर बिखर गए और हाईवे पर ट्रैफिक जाम हो गया। पुलिस ने पहुंच कर आधे घंटे बाद जाम खुलवाया। हादसे में ट्रैक्टर ड्राइवर भंवर लाल (33) पुत्र प्रेमा भील की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि ट्रैक्टर सवार नारायण सिंह पुत्र भैरू सिंह निवासी तिलस्वां महादेव व कंटेनर ड्राइवर मनजीत सिंह पिता दलवीर सिंह पंजाब गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलने पर 108 एम्बुलेंस मौके पर पहुंची और घायलों को भीलवाड़ा एम. जी. अस्पताल रेफर किया गया। हादसे की सूचना मिलने के बाद गुलाबपुरा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और मृतक के शव को रायला सीएससी की मोर्च्युरी में रखवाया। परिजनों के आने के बाद पोस्टमार्टम करवाकर शव उन्हें सुपुर्द किया।

# भजनलाल सरकार पांच साल चलेगी, लोगों को तकलीफ होगी: डोटासरा

**वॉइस ऑफ प्रतिज्ञा उदयपुर**



पूर्व सीएम अशोक गहलोत ने 9 दिन पहले मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को लेकर बड़ा दावा किया था। उन्होंने कहा था- सीएम भजनलाल शर्मा को हटाने का भयंकर षड्यंत्र चल रहा है। उनके खिलाफ भाजपा के लोग लगे हुए हैं। इसके इतर, कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा का कहना है कि राजस्थान में भजनलाल सरकार पांच साल चलेगी। इस दौरान लोगों को बहुत तकलीफ होगी। वहीं, गहलोत के बयान पर डोटासरा ने कहा- उनके पास कोई इनपुट होगा। तभी उन्होंने कहा है। डोटासरा पर अपने नजदीकियों को नौकरी लगाने के कृषि मंत्री किरोड़ी लाल मीणा आरोप पर उन्होंने कहा- हमने उनका हाथ ?नहीं पकड़ रखा है। कौन है-कौन नहीं है। अगर कोई गलत लगा है तो इनको भी हटा दो। डोटासरा ने उदयपुर के महाराणा प्रताप एयरपोर्ट पर मीडिया से बातचीत की। डोटासरा उदयपुर संभाग में कांग्रेस के सम्मेलन में शामिल होने पहुंचे। सम्मेलन में कांग्रेस प्रदेश प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा और विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली भी शामिल होंगे। डोटासरा ने कहा- भजनलाल सरकार पांच साल चलेगी, लेकिन लोगों को तकलीफ झेलनी होगी। सरकार का न कोई विजन है, न कोई निर्णय करने की क्षमता है और न इनके पास योजनाएं हैं। केवल और केवल भ्रमित करना, भ्रमण करना, थोथे भाषण देना और झूठ बोलना ये इनकी पॉलिसी बन गई है, जो जनता के लिए दुखदायी है। सबको परेशान किया जा रहा है। एजेंसियों का मिसयूज आम बात हो गई है। जनता की न कोई पूछने वाला है और न सुनने वाला है। डबल इंजन में एक इंजन विदेश में घूम रहा है। हमने कांग्रेसजन को आह्वान किया है कि जनता के दुख-दर्द और तकलीफ को समझें। उनके बीच जाएं। कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष ने कहा- ये निकायों और पंचायतों के चुनाव नहीं करवा रहे हैं। नवंबर में ही कार्यकाल पूरा हो गया, तब करवाना चाहिए था। निकाय चुनाव को किसी दल के फायदे और नुकसान की बात से न जोड़ा जाए। ये प्रजातंत्र का मखौल है। उन्होंने कहा कि वोटर लिस्ट को लेकर उसमें भी घपला करने की बात सामने आ रही है। लगता है कि सारी संस्थाओं पर भाजपा और आरएसएस ने कब्जा कर लिया है।

